दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 141 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | शुक्रवार, 26 दिसम्बर 2025 | पौष माह, कृष्ण पक्ष षष्ठी , संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## ओडिशा में 1 करोड़ का इनामी नक्सली मारा गया : कंधमाल में 2 महिलाओं समेत 6 नक्सली ढेर; एसओजी, सीआरपीएफ और बीएसएफ टीमों का ऑपरेशन

बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर (एंजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा के कंधमाल में सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 6 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें 1 करोड़ से ज्यादा का इनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर गणेश उईके (69) भी शामिल है। दो महिला नक्सली भी मारी गई हैं। मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। सुरक्षाबलों को कंधमाल जिले के चाकापाड़ इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी का इनपुट मिला था।

इसी इनपुट के आधार पर 23 टीमों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। इनमें 20 स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप, दो सीआरपीएफ और एक बीएसएफ टीमें शामिल थीं। यह ऑपरेशन कंधमाल जिले के चाकापाड़ थाना क्षेत्र और गंजाम जिले के राम्भा वन क्षेत्र में चलाया गया। 25 दिसंबर को अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों पर माओवादियों और एसओजी जवानों के बीच कई बार गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्चिंग की गई, जिसमें 5 नक्सलियों के शव मिले।

इनमें 3 पुरुष और 2 महिलाएं हैं। सभी माओवादी वर्दी में थे। मौके से 2 इंसास राइफल और एक 303 राइफल बरामद हुई है।

### इस साल कुल 11 बड़े लीडर मारे गए- आईजी

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि सीसी मेंबर गणेश उईके के मारे जाने की खबर है। ओडिशा पुलिस इस पर विस्तार से जानकारी देगी। इस साल कुल 11 सेंट्रल कमेटी मेंबर और पोलित ब्यूरो मेंबर मुठभेड़ में ढेर हुए हैं।

बस्तर संभाग अंतर्गत बसवाराजू, के राम चंद्र रेड्डी, सुधाकर और कोसा की बॉडी रिकवर की गई, जबकि चलपति और बालकृष्णा गरियाबंद मुठभेड़ में मारे गए। वहीं पड़ोसी राज्यों में गजाला रवि, माड़वी हिड़मा, विवेक मांझी, सहदेव समेत अन्य नक्सलियों की डेडबॉडी रिकवर की गई है।

## ट्रेड वार्ता में भारत का अमेरिका को फाइनल ऑफर

### टैरिफ 50% से घटाकर 15% करो, रूसी तेल पर लगी पेनाल्टी भी खत्म हो

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका के सामने ट्रेड वार्ता में अपना आखिरी प्रस्ताव रख दिया है। भारत चाहता है कि उस पर लगाए गए कुल 50% टैरिफ को घटाकर 15% किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो एक्स्ट्रा 25% पेनाल्टी लगाई गई है, उसे पूरी तरह खत्म किया जाए। दोनों देशों के बीच चल रही इस वार्ता से नए साल में कोई ठोस फैसला निकलने की उम्मीद है। दोनों देशों के बीच एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल का कहना है कि समझौते पर जल्द सहमति बन सकती है, हालांकि उन्होंने कोई तय समय सीमा नहीं बताई।

## 'वीर बाल दिवस' पर राष्ट्रपति प्रदान करेंगी 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार'

**नई दिल्ली.** शुक्रवार, 26 दिसंबर को देशभर में राष्ट्रीय स्तर पर वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान करेंगी। कार्यक्रम के माध्यम से भारत के युवा वीरों के साहस, बलिदान और अनुकरणीय मूल्यों को किया जाएगा स्मरण -केंद्र सरकार के अनुसार, ये पुरस्कार वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा खेल जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को दिए जाते हैं।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या

### 7 दिन में दूसरी घटना; इससे पहले दीपू दास को मारकर जलाया था

बढ़ता राजस्थान

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर भीड़ ने हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला है। घटना बुधवार रात करीब 11:00 बजे राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है। इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था।

#### अमृत पर गिरोह बनाकर जबरन वसूली का आरोप

डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने अमृत पर एक आपराधिक गिरोह बनाने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के मुताबिक वह लंबे समय से जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। भारत में लंबे समय तक छिपने के बाद वह हाल ही में घर लौटा था। कथित तौर पर अमृत ने गांव के निवासी शाहिदुल इस्लाम से जबरन वसूली की रकम मांगी थी। 24 दिसंबर की रात अमृत और उसके साथी शाहिदुल के घर पैसे लेने गए थे। जब घरवालों ने चोर-चोर चिल्लाकर शोर मचाया तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और अमृत की पिटाई कर दी।

#### दीपू दास की ईशनिंदा के झूठे आरोप में हत्या

बांग्लादेश में 18 दिसंबर की देर रात हुई हिंसा से जुड़े एक मामले में बड़ा खुलासा सामने आया है। इस हिंसा में एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की जान चली गई थी। अब जांच में यह बात सामने आई है कि जिस दावे के आधार पर भीड़ ने हमला किया था, उसके कोई सबूत नहीं मिले हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर यह आरोप लगाया जा रहा था कि दीपू चंद्र दास ने फेसबुक पर ऐसी टिप्पणी की थी, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। लेकिन जांच एजेंसियों का कहना है कि अब तक ऐसी किसी भी पोस्ट या टिप्पणी के प्रमाण नहीं मिले हैं।

## खालिदा जिया के बेटे की 17 साल बाद बांग्लादेश वापसी

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद देश लौट आए हैं। वे गिरफ्तारी से बचने के लिए 2008 में लंदन भाग गए थे। तब हसीना सरकार में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मामले चल रहे थे। आज तारिक के स्वागत में उनकी पार्टी बीएनपी के 1 लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटे। ढाका एयरपोर्ट से लेकर 300 फीट रोड तक रोड शो किया। इस 13 किलोमीटर के रास्ते को कवर करने में उन्हें 3 घंटे का समय लगा। तारिक ने 17 मिनट भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम देश में शांति कायम करेंगे और नया बांग्लादेश बनाएंगे। हालांकि उन्होंने शेख हसीना को लेकर एक शब्द भी नहीं कहा। इसके बाद तारिक ने एवरकेयर अस्पताल में अपनी मां से मुलाकात की। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। खालिदा जिया के बीमार होने की वजह से माना जा रहा है कि रहमान अगले पीएम के दावेदार हो सकते हैं।

## के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

### पनडुब्बी से 3500के की रेंज तक मार करेगी, 2 टन न्यूक्लियर पेलोड ले जा सकेगी



बढ़ता राजस्थान

**विजयवाड़ा।** भारत ने बंगाल की खाड़ी में न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन आईएनएस अरिघाट से 3,500 किलोमीटर रेंज वाली के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि यह टेस्ट मंगलवार को विशाखापट्टनम तट के पास किया गया। भारत जमीन, हवा के बाद अब समुद्र से भी परमाणु हथियार लॉन्च कर सकेगा। ये मिसाइल 2 टन तक न्यूक्लियर वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। के -सीरीज की मिसाइलों में के अक्षर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सम्मान में रखा गया है। इनकी भारत के मिसाइल कार्यक्रम में अहम भूमिका रही है।

#### मिसाइल की तकनीक और खासियत

**के-4 मिसाइल, जमीन से लॉन्च होने वाली अग्नि-सीरीज पर आधारित एक एडवांस सिस्टम मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से लॉन्च के लिए बनाया गया है। लॉन्च के समय मिसाइल पहले समुद्र की सतह से बाहर आती है, इसके बाद उड़ान भरते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ती है। इसे अरिहंत-क्लास की पनडुब्बियों से दागी जा सकती है। के-4 को भारत की न्यूक्लियर ट्रायड का एक महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता है। इससे भारत की 'डिटेरेंस' क्षमता मजबूत होती है, यानी संभावित दुश्मन पर यह मनोवैज्ञानिक दबाव बनता है कि किसी भी हमले का जवाब दिया जा सकता है।**



## सुशासन दिवस पर अटल जी को शीर्ष नेतृत्व का नमन, राष्ट्रपति-पीएम ने दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली स्थित सदैव अटल स्मारक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक पोस्ट में अटल बिहारी वाजपेयी को एक ऐसे राजनेता के रूप में वर्णित किया, जिनका आचरण, गरिमा और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता भारतीय राजनीति के लिए एक मिसाल कायम करती है। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा और उन्होंने कहा कि नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि आचरण से परिभाषित होता है।

संस्कृत के एक सुभाषित का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि महान नेताओं के कर्म समाज का मार्गदर्शन करते हैं, और उन्होंने कहा कि यह पहलू वाजपेयी के सार्वजनिक जीवन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा कि आदरणीय अटल जी की जयंती हम सभी के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का एक विशेष अवसर है। उनका आचरण, गरिमा, वैचारिक दृढ़ता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प भारतीय राजनीति के लिए एक आदर्श मानक है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह सिद्ध किया कि उत्कृष्टता पद से नहीं, बल्कि आचरण से स्थापित होती है, और यही समाज का मार्गदर्शन करता है। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर, 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था और वे तीन बार देश के प्रधानमंत्री चुने गए।

वाजपेयी दशकों तक भाजपा का चेहरा रहे और वे पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे जिन्होंने पूर्ण कार्यकाल पूरा किया। वाजपेयी ने 16 मई, 1996 से 1 जून, 1996 तक और फिर 19 मार्च, 1998 से 22 मई, 2004 तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने 1977 से 1979 तक प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के मंत्रिमंडल में भारत के विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया। उनका निधन 16 अगस्त, 2018 को दिल्ली के एम्स अस्पताल में हुआ।

## राजस्थान में बर्फ जमी, सीकर में 1 डिग्री तापमान

### 3 जिलों में पारा 5 डिग्री से नीचे आया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने के साथ ही उत्तरी हवा फिर से मैदानी राज्यों में आने लगी हैं। सीकर में आज न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इस सीजन यह दूसरी बार है जब सीकर में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री तक पहुंचा है। सीकर और अलवर में खेतों में फसलों पर बर्फ की परत नजर आई। अलवर में सूखी घास और लकड़ियों पर भी ओस जम गई। माउंट आबू में आज न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां गाड़ी की छत पर बर्फ की परत जमी मिली। अगले 2 दिन तक चूरू, झुंझुनूं, सीकर और नागौर जिले में कोल्ड-वेव की चेतावनी जारी की गई है। मौसम केंद्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राय रहने और सर्द हवा चलने से तेज सर्दी रहने की आशंका जताई है। इससे पहले बुधवार को राज्य में सर्द हवा के कारण पारा 7 डिग्री तक गिर गया। सीकर, फतेहपुर, नागौर, माउंट आबू में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

# कर्नाटक में स्लीपर बस में आग, 10 जिंदा जले

### 30 से ज्यादा यात्री सवार थे; चित्रदुर्ग के हिरियूर में लॉरी से टक्कर के बाद हादसा

बढ़ता राजस्थान

**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार देर रात स्लीपर बस में टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में बस में सवार 10 से ज्यादा लोग जिंदा जल गए। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह आंकड़ा 12 और 17 बताया जा रहा है। हादसा ह॥-48 पर हिरियूर तालुक में हुआ। बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बस में 30 से ज्यादा यात्री थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात 2.30 बजे तेज रफ्तार लॉरी डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ से जा रही प्राइवेट कंपनी की सीबर्ड ट्रांसपोर्ट की बस से टकरा गई। बस में तुरंत आग लग गई। उस समय यात्री सो रहे थे। इस कारण उन्हें खुद को बचाने का मौका नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि ज्यादातर यात्रियों ने टिकट ऑनलाइन बुक किए थे। इससे पुलिस को उनके फोन नंबर मिल गए हैं। उनके परिवारों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। जले हुए शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा।

### बस के ड्राइवर-क्लीनर ने कूदकर बचाई जान

ईस्ट जोन के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस रविकांत गौड़ा ने बताया कि बस के ड्राइवर और क्लीनर बच गए हैं, जबकि ट्रक के ड्राइवर-क्लीनर की मौत हो गई है। कई यात्रियों ने बस से कूदकर जान बचाई। घायल यात्रियों को तुमकुरु जिले में शिरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीएम मोदी ने भी हादसे पर दुख जताया है। वहीं, मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है। हादसे का शिकार हुई बस के ड्राइवर ने पुलिस को बताया है कि उसने सामने से आ रहे ओवरस्पीड ट्रक को देखकर अपनी गाड़ी को कंट्रोल करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा।

## सम्पादकीय

# अरावली में खनन रोकें

पर्वतमालाएं किसी भी देश की प्रहरी और सुरक्षा-कवच होती हैं। उन्हें क्यों खोदा और छीला जाए? खनिज माफिया कहीं और खुदाई करके मुनाफा कमा सकता है। कमोबेश उसे तो छोड़ दिया जाए, जो इनसानी अस्तित्व के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सर्वोच्च अदालत ने अरावली पर्वतमाला पर समिति की अनुशंसाएं मानते हुए जो फैसला सुनाया था, उसे ब्रह्म-वाक्य नहीं माना जा सकता। सर्वोच्च अदालत अपने फैसलों पर पुनर्विचार करती आई है, लिहाजा अरावली पहाडियों की 100 मीटर ऊंचाई के मानदंड पर भी पुनर्विचार किया जा सकता है। जिस पहाड़ी की ऊंचाई 100 या अधिक मीटर है, वह अरावली है, शेष पहाडियां लावारिस हैं। यह कैसे स्वीकार्य हो सकता है? संपूर्ण अरावली पर्वतमाला को सुरक्षित और संरक्षित किया जाना चाहिए। आज अरावली का नंबर है, कल हिमालय को भी खंडित किया जा सकता है! अरावली पर्वतमाला राजधानी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात में 692 किमी लंबी है। इसमें से अधिकांश हिस्सा राजस्थान के तहत आता है। यह देश की सबसे प्राचीन और अरबों साल पुरानी धरोहर है, लिहाजा आदरणीय भी है। जन-आंदोलन राजस्थान में ही नहीं, शेष राज्यों में भी उग्र करना चाहिए, क्योंकि यह पर्वतमाला हमारे अस्तित्व से जुड़ी है। जब ये पहाडियां नहीं रहेंगी, तो देश की राजधानी दिल्ली समेत मैदानी इलाकों की कितनी भयावह, गरम और मरुस्थलीय स्थितियां होंगी, यह सोच कर भी दहशत होने लगती है। यदि लगातार खनन के बाद अरावली पर्वतमाला शेष नहीं रही, तो राजधानी दिल्ली समेत उत्तरी भारत गरम और रेतीली हवाओं में घिर जाएंगे। धीरे-धीरे रेत के पहाड़ आकार लेंगे और रेगिस्तान दिल्ली, हरियाणा, गुजरात तक भी फैल जाएगा। राजस्थान का काफी हिस्सा आज ही मरुस्थल है। खनन और वनों की कटाई बढ़ी, तो दिल्ली-एनसीआर में पीएम 10 और पीएम 2.5 सरीखे प्रदूषण के कण बहुत तेजी से बढ़ेंगे। नतीजतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाश्वत रूप से 'गंभीर' या 'अत्यंत खतरनाक' श्रेणी में ही रहेंगे। आज राजधानी क्षेत्र के निवासी गर्मियों में 48-50 डिग्री सेल्सियस तापमान झेल कर ही बिलबिलाने लगते हैं। मरुस्थलीय स्थितियों में तापमान बढ़ेगा और प्राकृतिक ठंडक खत्म हो जाएगी, तो क्या होगा? राजधानी क्षेत्र हमेशा धुंध-कोहरे में घिरा रहेगा, तो कैसा महसूस करेंगे? अरावली पर्वतमाला अपनी ऊंचाई के कारण प्राकृतिक रूप से धूल-अवरोधक है, जो थार मरुस्थल और उत्तरी भारत के उपजाऊ मैदानों के बीच एक प्राकृतिक दीवार का काम करती है। मानसून की हवाओं को रोक कर बारिश कराती है, लिहाजा पर्वतमाला को छिन्न-भिन्न करने से हरियाणा और राजस्थान में अकाल की नौबत भी आ सकती है। वह दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में भी खाद्य-संकट पैदा कर सकती है। तो अरावली में खनन, खुदाई क्यों की जाए? हालांकि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का बयान है कि खनन अरावली पर्वतमाला के पूरे क्षेत्र के मात्र 0.19 फीसदी भाग में ही होता है। राजधानी दिल्ली में खनन की कोई भी अनुमति नहीं है, लेकिन फरीदाबाद और गुरुग्राम के जंगलात में जाकर मंत्री जी ने कभी जायजा लिया है। हरियाणा में भिवानी जिले के तोशाम विधानसभा क्षेत्र के एक गांव-खानक-का एक दृश्य सामने आया है। उस छोटे से गांव में हर 100 कदम पर 300 क्रशर मशीनें पहाडियां खोद रही हैं। वहां 150 से अधिक खनन साइट हैं, जहां हर वक्त 500 से अधिक डंपर मौजूद रहते हैं। गांव में करीब 1500 घर हैं। हरेक के घर की दीवारों में या तो दरारें आ गई हैं अथवा प्लास्टर उधड़ चुके हैं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

- 26 दिसम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1748 - फ्रांस और आस्ट्रिया के बीच दक्षिणी हॉलैंड को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1904 - दिल्ली से मुंबई के बीच देश की पहली क्रॉस कंट्री मोटरकार रैली का उद्घाटन।
- 1925 - तुर्की में ग्रेगोरियन कैंलेडर अपनाया गया।
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना।
- 1977 - सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- 1978 - भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया।
- 1997 - उड़ीसा की प्रमुख पार्टी, बीजू जनता दल (बीजद) की स्थापना वरिष्ठ राजनेता बीजू पटनायक के पुत्र नवीन पटनायक ने की।
- 2002 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिक्षद ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ़ कांगो में पुन: संघर्ष शुरू होने की सूचना दी।
- 2003 - रिक्टर पैमाने पर 6.6 की तीव्रता वाले भूकंप से ईरान के दक्षिणी पूर्वी शहर बाम में भारी तबाही।
- 2004 - रिक्टर पैमाने पर 9.3 की तीव्रता वाले भूकंप से आई सुनामी के कारण श्रीलंका, इंडिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया, मालदीव और आस पास के क्षेत्रों में भारी तबाही। दो लाख तीस हजार लोगों की मौत।
- 2006 - शेन वार्न ने अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेकर इतिहास रचा।
- 2007 - तुर्क विमानों ने इराकी कुर्द ठिकानों पर हमले किये।
- 2008 - कृतिका को हराकर तानिया संयुक्त शीर्ष पर पहुँची।
- 2012 - चीन की राजधानी बीजिंग से ग्वांग्झू शहर तक बनाए गए दुनिया के सबसे लंबे हाई स्पीड रेलमार्ग को खोला गया।
- 26 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1899 - अमर शहीद ऊधम सिंह - स्वतंत्रता सेनानी।

## विशेष आलेख

# संसद में 'बिरला' का भाषाई यज्ञः प्रधानमंत्री ने भी माना, कोटा के लाल ने बढ़ाया भारत का मान



डॉ नयन प्रकाश गांधी ,कोटा

भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में संसद केवल कानून बनाने की संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक चेतना का दर्पण होती है। हाल के संसदीय सत्रों में जो एक सुखद औरदूरगामी बदलाव दिखाई दिया है, वह है ,सदन के पटल पर गूंजती भारत की विभिन्न बोलियां और भाषाएं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में संसद अब केवल हिंदी और अंग्रेजी तक सीमित न रहकर, संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं की जीवंत संवाहिका बन रही है। इस भाषाई क्रांति की सराहना स्वयं प्रधानमंत्री ने की है, जो न केवल अध्यक्ष के विजन की पुष्टि है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का संकेत भी है।ओम बिरला ने अपने कार्यकाल में यह सुनिश्चित किया कि भाषा किसी भी जन-प्रतिनिधि के लिए बाधा न बने। तकनीकी सुविधाओं और रीयल-टाइम अनुवाद की व्यवस्था को सुदृढ़ कर उन्होंने सदन के भीतर एक ऐसा वातावरण तैयार किया है, जहां एक सांसद अपनी मातृभाषा में अपनी बात गर्व के साथ रख सकता है। जब एक सांसद तमिल, बांग्ला, मराठी या राजस्थानी पुट वाली हिंदी में अपनी बात कहता है, तो वह केवल एक विचार नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र की संस्कृति और अस्मिता को दिल्ली के इस सर्वोच्च सदन से जोड़ता है।कोटा वासियों के लिए यह गौरव का विषय है कि वहां के प्रतिनिधि ने राष्ट्रीय राजनीति में अपनी एक विशिष्ट छाप छोड़ी है।

**संसदीय कूटनीति और वैश्विक पहचान :** ओम बिरला ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारतीय संसदीय प्रणाली की गरिमा को नई ऊँचाइयां दी हैं। कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (ष्टक्क) और इंटर-पार्लियामेंट्री यूनियन (ढ्ढक्क) जैसे वैश्विक मंचों पर उन्होंने 'लोकतंत्र की जननी' के रूप में भारत का पक्ष मजबूती से रखा। हाल ही में बारबाडोस की यात्रा और अन्य द्विपक्षीय वार्ताओं के माध्यम से उन्होंने संसदीय कूटनीति का विस्तार किया, जिससे वैश्विक पटल पर भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास और बढ़ा है।

**संसदीय उत्पादकता के नए कीर्तिमान :** ओम बिरला का कार्यकाल केवल भाषाई सुधारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उनके नेतृत्व में संसद की कार्यक्षमता में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। 17वीं लोकसभा के दौरान सदन की औसत उत्पादकता लगभग 97त्न रही, जो पिछले 25 वर्षों में सर्वाधिक है। विशेष रूप से कोरोना काल की चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने सत्रों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया और एक समय तो उत्पादकता 167त्न तक जा पहुँची। यह उनके अनुशासन और समय प्रबंधन का ही परिणाम है कि सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल के दौरान अधिक से अधिक सदस्यों को लोकहित के मुद्दे उठाने का अवसर मिला।

**18वीं लोकसभा- उत्पादकता के नए शिखर :** ओम बिरला के दूसरे कार्यकाल में संसद की कार्य-उत्पादकता ने पिछले कई दशकों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हाल ही में संपन्न हुए शीतकालीन सत्र (दिसंबर 2025) में लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। इससे पहले, बजट सत्र 2025 के दौरान सदन की उत्पादकता 118 प्रतिशत के प्रभावशाली स्तर तक पहुँच गई थी। बिरला ने यह सुनिश्चित किया कि सदन केवल हंगामे का केंद्र न बने, बल्कि देर रात तक बैठकर लोक-महत्व के विषयों पर चर्चा हो। पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला के उत्कृष्ट नेतृत्व में ही ऐतिहासिक रूप से जीरो ऑवर (शून्यकाल) के दौरान रिकॉर्ड संख्या में सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को पुरजोर रूप से उजागर करने का मौका मिला,जो जमीन हकीकत से सीधे लोकतंत्र के अस्तित्व को सही मायनों में प्रदर्शित करता है।

**महत्वपूर्ण विधायी कार्य और विकसित भारत का संकल्प :** बिरला के वर्तमान कार्यकाल में कई ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाले विधेयक पारित हुए हैं। इनमें विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (जी राम जी) विधेयक 2025 प्रमुख है, जिसने मनरेगा जैसे पुराने ढांचे में सुधार कर ग्रामीण रोजगार की नई दिशा तय की। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य सुरक्षा,परमाणु ऊर्जा और बीमा कानूनों में संशोधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा और उनके सफल पारित होने के पीछे बिरला की कुशलता और सभी दलों के बीच समन्वय बिठाने की कला स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। प्रधानमंत्री ने भी उनके इस कौशल की सराहना करते हुए इसे संसदीय दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। ओम बिरला ने सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए अनुशासन को सर्वोपरि रखा है। उनका मानना है कि सदन चर्चा के लिए है, व्यवधान के लिए नहीं। उन्होंने बार-बार सांसदों से आत्मनिरीक्षण का आग्रह किया ताकि संसदीय समय का सदुपयोग राष्ट्र निर्माण में हो सके। उनके शांत लेकिन सख्त व्यवहार ने सदन में स्वस्थ बहस की परंपरा को पुनर्जीवित किया है, जहाँ विपक्ष की आवाज़ को भी पर्याप्त स्थान मिलता है और सरकारी कार्यों को भी गति प्राप्त होती है।

# इसरो की ऐतिहासिक उड़ानः बाहुबली एलवीएम-3 से 6100 किलो से भारी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण



सुनील कुमार महला

*स्वयं इसरो चेयरमैन वी.नारायणन ने भी इसे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। यह एक तरह से देश की अंतरिक्ष इकोनॉमी के लिए एक बूस्टर डोज कहा जा सकता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमरीकी उपग्रह ब्लूबर्ड-6 सीधे स्मार्ट फोन तक 4 जी और 5 जी इंटरनेट, वॉयस, वीडियो कॉल, टेक्स्ट, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं प्रदान करेगा।*

हाल ही में बुधवार 24 दिसंबर 2025 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने बाहुबली प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 से पहली बार 6100 किलोग्राम से ज्यादा वजनी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। वास्तव में, यह हमारे देश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि और गौरव का क्षण है। स्वयं इसरो चेयरमैन वी.नारायणन ने भी इसे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है।यह एक तरह से देश की अंतरिक्ष इकोनॉमी के लिए एक बूस्टर डोज कहा जा सकता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमरीकी उपग्रह ब्लूबर्ड-6 सीधे स्मार्ट फोन तक 4 जी और 5 जी इंटरनेट, वॉयस, वीडियो कॉल, टेक्स्ट, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं प्रदान करेगा। पाठकों को बताता चलूं कि श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लांच पैड से एलवीएम-3 एम-6 ने निर्धारित समय 8.54 बजे उड़ान भरी और 16 मिनट बाद ब्लूबर्ड उपग्रह को 520 किमी वाली वृत्ताकार कक्षा में सटीकता के साथ स्थापित कर दिया। गौरतलब है कि यह भारतीय भूमि से प्रक्षेपित किया जाने वाला अब तक का सबसे वजनी उपग्रह है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इससे पहले, नवंबर में लॉन्च किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया था। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को जिस एलवीएम3-एम6 रॉकेट से लॉन्च किया गया, उसका वजन 640 टन है। यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नेक्स्ट-जेन कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है। खास बात यह है कि इसके जरिए धरती पर कहीं से भी बिना टावर 4जी और 5जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआइएल) और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल (एएसटी एंड साइंस, एलएलसी) के बीच हुए एक कॉमर्शियल समझौते का हिस्सा है। न्यूस्पेस इंडिया, इसरो की कॉमर्शियल ब्रांच है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इसरो की हाल की उपलब्धि ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की संभावनाओं को और मजबूत किया है।सच तो यह है कि एलवीएम 3 ने फिर एक बार विश्वसनीयता और उपयोगिता साबित की है। उल्लेखनीय है कि श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से यह 104 वां लॉन्च मिशन था। पहली बार ऐसा हुआ है, जब केवल 52 दिन के अंतराल पर एक के बाद एक एलवीएम-3 के दो मिशन प्रक्षेपित किए गए। कितनी अच्छी व बड़ी बात है कि टेक्सास स्थित अमरीकी कंपनी एएसटी मोबाइल का उपग्रह ब्लूबर्ड-6 सीधे स्मार्ट फोन तक 4 जी और 5 जी इंटरनेट, वॉयस, वीडियो कॉल, टेक्स्ट, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं प्रदान करेगा। वास्तव में, इससे संचार क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की उम्मीद है, क्योंकि अभी तक केवल विशेष रूप से डिजाइन किए गए सैटेलाइट हैंडसेट से ही उपग्रहों के जरिए संचार संभव था।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### बछड़ू



क्या हुआ? कल से देख रहा हूँ, बार-बार छत पर जाती हो। विमल अनिता से पूछ बैठे। नहीं, ऐसा तो कुछ नहीं है। कोई हमसे ज्यादा स्मार्ट आदमी आ गया है क्या, उधर? बिना सोचे समझे ऊजूल-फिजूल मत बोला करो। नहीं तो अच्छा नहीं होगा। कहे देती हूँ। अरे हम तो मज़ाक कर रहे थे। रानी साहिबा तो बुरा मान गयीं। क्या हुआ, बताओ न! नहीं छोड़ो, जाने दो। तुम नहीं समझोगे। अच्छा! ऐसा कौन-सा चीज़ है जो तुम समझती हो और हम नहीं समझ सकते। बात मत बढ़ाओ। छोड़ दो कुछ देर के लिए अकेला हमको। अब तुमको मेरी सौगंध है, बताना ही पड़ेगा। तुमने सौगंध क्यों दे दिया? बताओ न। मेरा जी घबरा रहा है अब। गनेशिया ने अपना बछड़ू बेच दिया।

लो, इसमें परेशान होने की क्या बात है? बछड़ू को कब तक पाले बेचारा? बैल बना कर रखना तो था नहीं।

नहीं दिखा न तुम्हें! गाय का दर्द नहीं दिखा, न! जब से बछड़ू खुट्टा पर से गया है, गाय दो मिनट के लिये भी नहीं बैठी है। उसकी आँखों में देखोगे तो हिम्मत जबाब दे देगा। वह तो होता ही है। क्या किया जा सकता है? अपने सौरभ को भी जर्मनी गये हुए पाँच साल हो गए। शादी से पहले प्रत्येक दिन फोन करता था। शादी के बाद हफ्ता, महीना होते-होते आज छह महीना हो गया, उसका फोन आये हुए। उसका, इस बात से क्या मतलब है? हमने भी तो बीस लाख और एक गाड़ी में अपने बछड़ू को....

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# सर्दियों में रात को सोने से पहले पिएं दालचीनी वाला दूध, सर्दी-जुकाम समेत ये समस्याएं होंगी दूर

सर्दियों का मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है। सर्दियों में लोगों को जुकाम, खांसी, बुखार और जोड़ों में दर्द जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में, डॉक्टर्स और हेल्थ एक्सपर्ट्स खानपान का खास ख्याल रखने की सलाह देते हैं। सर्दियों में आपने कई लोगों को गर्म दूध में हल्दी डालकर पीते देखा होगा। लेकिन क्या आप दूध में दालचीनी डालकर पीने के फायदे जानते हैं?

**इम्यूनिटी बूस्ट करे :** सर्दियों में दालचीनी वाले दूध का सेवन करने से शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण मौजूद होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। दालचीनी वाले दूध की तासीर गर्म होती है। सर्दियों में इसका सेवन करने से सर्दी-जुकाम और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव में मदद मिल सकती है।

**जोड़ों के दर्द से राहत दिलाए :** सर्दियों के मौसम में जोड़ों में दर्द और सूजन आम समस्या है। दालचीनी वाले दूध में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो जोड़ों के दर्द और सूजन से राहत मिल सकती है। यह गठिया के मरीजों और बुजुर्गों के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**डायबिटीज में फायदेमंद :** रात को सोने से पहले दालचीनी वाले दूध का सेवन डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, इसमें एंटी-डायबिटिक गुण पाया जाता है, जिसकी वजह से यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके सेवन से शरीर में इंसुलिन स्पाइक को रोकने में मदद मिलती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके मान-समान में वृद्धि होने से खुशी होगी और सामाजिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़क़र हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी।

### वृष
आज आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी, लेकिन आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और अपने कामों को समय से पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए अप्रत्याशित लाभ दिलाने वाला रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे आपके रिश्ते में चली आ रही समस्याएं भी दूर होंगी।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको श्रेष्ठ व्यक्तियों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा और आपके मन में अपने कामों को समय से पूरा करने के लिए संचार रहेगा।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको किसी से बेवजह के वाद-विवाद से बचने की आवश्यकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सुख-साधनों में वृद्धि होगी। आप अपने अनुभवों का पूरा लाभ उठाएंगे। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना बेहतर रहेगा।

### तुला
आज का दिन आपके लिए सेहत पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको दूसरों के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आपके लंबे समय से रुके हुए कामों को गति मिलेगी।

### वृश्चिक
आज आपका रुका हुआ धन आपको मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। नौकरी में आप अपने कामों को समय से पूरा करने की कोशिश करेंगे और अपने साथी की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान निकाले।

### धनु
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। धर्म-कर्म के कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी और संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं।

### मकर
आज आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आपकी सोच समझ से काम पूरे होंगे। आपके मन में किसी काम को लेकर डर बना रहेगा। पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आपको जीत मिलेगी।

### कुंभ
आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। कारोबार में आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे और बिल्डिंग मटेरियल का काम कर रहे।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर काम करने के लिए रहेगा। संतान के करियर को लेकर आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है और बिजनेस में भी आप कोई जोखिम में हाथ डालने से बचें।

## दो रामस्नेही संत सम्प्रदाय से निष्कासित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय से जुड़े दो संतो को निष्कासित किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय की प्रधान पीठ श्री रामनिवास धाम शाहपुरा के पीठाधीश्वर स्वामी रामदयाल जी महाराज की आज्ञा से यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। धाम के कार्यवाहक भण्डारी संत जगबल्लभ राम जी ने बताया कि चित्तौड़गढ़ के बहुचर्चित रमेश ईनाणी हत्याकांड के मामले में अदालत द्वारा संत रमताराम महाराज एवं सिरोही रामद्धारा के संत भजनाराम जी महाराज की जमानत अर्जी खारिज हो जाने के बाद पीट द्वारा यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई पत्र में चेतावनी देते हुए लिखा गया है कि अब रमताराम एवं भजनाराम का सम्प्रदाय से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए भविष्य में सम्प्रदाय के कोई संत इनसे सम्पर्क नहीं रखे। अन्यथा सम्पर्क रखने वाले संतो के विरूद्ध इसी प्रकार की कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।

## जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण कार्य के लिए

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण कार्य के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग टोंक चारु पारीक ने पीपीटी के माध्यम से जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं तत्संबंधी राज्य नियम 2000 के अंतर्गत संस्थागत, गैर संस्थागत जन्म-मृत्यु एवं विवाह की सभी घटनाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कराने की जानकारी दी गई। जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक चारु पारीक ने बताया कि पहचान पोर्टल पर डिजीटल ई साइन पेंडेंसी निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी एवं नगरीय निकाय में आयुक्त एवं अधिशाषी अधिकारी, सीएचसी, पीएचसी रजिस्ट्रार, उपरजिस्ट्रार द्वारा पहचान पोर्टल के माध्यम से जन्म-मृत्यु का पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगरीय, ग्रामीण स्थानीय निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## टोडारायसिंह में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर मनाया गया सुशासन दिवस

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी जी वाजपेई के जन्म दिवस को राज्य में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा सुशासन शपथ ली गई। नगर पालिका टोडारायसिंह एवं पंचायत समिति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन, नगर पालिकाध्यक्ष भरत लाल सैनी, भारतीय जनता पार्टी शहर अध्यक्ष सुनील भारत शर्मा समेत पार्टी पदाधिकारी एवं पार्षदों की उपस्थिति में लोक सेवकों द्वारा सुशासन दिवस पर सुशासन शपथ ली गई। कार्यक्रम में पार्षद प्रहलाद चावला, पूर्व महामंत्री करुणा निधि शर्मा,पार्षद विनोद महावर, पार्षद संग्राम सिंह यादव, पार्षद प्रतिनिधि चंदू सैनी, उपाध्यक्ष अनुज जैन, बाबूलाल गुर्जर, नीरज जोशी, महामंत्री सुरेश जग्रवाल, मंत्री मुकेश सैनी, मुकेश गौड़, कार्य समिति सदस्य अशोक कासलीवाल, लोकेश धाकड़, दीपक साहू, सुमित गौड़ सहित नगर पालिका के कर्मचारी सिकंदर, सत्यनारायण मीणा, रोहित जैन, दिलखुश समेत कई भाजपा पदाधिकारीगण पार्षदगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सांसद हरिश्चंद्र मीणा ने नगर फोर्ट तहसील को समाप्त करने पर जताई आपत्ति मुख्यमंत्री के नाम लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

टोंक/नगर फोर्ट (कमलेश गौतम) । सांसद हरिश्चंद्र मीणा ने नगर फोर्ट तहसील को समाप्त करने के कथित प्रयासों पर रोक लगाने को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है और इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की हे पत्र में बताया गया हे कि नगर फोर्ट तहसील उनके विधायक कार्यकाल में बनी थी! इस तहसील की स्थापना विषम परिस्थितियों भौगोलिक स्थिति और प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए की गई थी जो जन हित में थी वर्तमान सरकार बिना किसी अधिसूचना ,जन सुनवाई ओर बिना जन प्रतिनिधियों की सलाह के ये तहसील तोडना चाहती हे जो अव्यवहारिक हे सरकार द्वारा अगर ये कोशिश की जाती हे तो ये अलोकतांत्रिक होगा और जनता को राजस्व,न्यायिक ओर प्रशासनिक कार्यों के लिए दूरी तय करनी पड़ेगी जो काफी परेशानी वाली होगी अगर तहसील को तोड़ा जाएगा तो सरकार को बहुत बड़े आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जमात में स्थित अटल पार्क में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा के सानिध्य में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा, शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी, शहर महामंत्री जयनारायण कुमावत, वंश प्रदीप पारीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, करण सिंह राजावत, शहर उपाध्यक्ष शंकर पडिय़ार, सियाराम शर्मा, शंकरलाल सैनी, जीतू विजय, जितेन्द्र धारवाल, ओमप्रकाश वर्मा, रामकेश मीणा, नरेश कसाना, जोंटी नक़वाल, उषा कुमावत, हेमराज कुमावत, भूषण सालोदिया, शालू कुमावत व रामविलास बलाई सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण से आवागमन होगा सुगम-मंत्री कन्हैयालाल चौधरी

## 46.29 करोड़ की लागत से बने रेलवे ओवरब्रिज का हुआ लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** झिलाय रोड के रेलवे फाटक पर 46.29 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज का मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक रामसहाय वर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जोनपुरिया, नगर पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान, पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता व शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने विधिवत लोकार्पण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवाई में पेयजल योजना के लिए 400 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है, जिसका कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण से अब आमजन को जाम की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। उन्होंने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में निरंतर विकास के कार्य कर रही है। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि निवाई को विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। ट्रॉमा सेंटर के लिए भूमि आवंटन कर दिया गया है, जिसका निर्माण जल्द शुरू होगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा पर्वत पर पहुंचने के लिए सीढियों का निर्माण किया गया है तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफॉर्मर क्षमता बढ़ाई गई है। रेलवे ओवरब्रिज के लोकार्पण से झिलाय रोड क्षेत्र में यातायात सुचारु होगा और निवाई के चहुंमुखी विकास को गति मिलेगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिशाषी अभियंता गौतम मीणा व कोंटेक्टर श्रीराम गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा झिलाय रोड फाटक एवं चैनुपरा फाटक दोनों रेलवे फाटकों पर रेलवे ओवर ब्रिज के साथ ही हल्के वाहनों के लिए रेलवे फाटक से करीब सौ से डेढ सौ मीटर तक दुपहिया व चार पहिया वाहनों के लिए अंडरपास का निर्माण करवाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा, तहसीलदार नरेश कुमार गुर्जर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता एचएल मीणा, अधिशाषी अभियंता गौतम मीणा, सहायक अभियंता मोनिका उपाध्याय, कनिष्ठ अभियंता शुभम खंडेलवाल, रमाकांत शर्मा, डीआर ममता चौधरी, पूर्व प्रधान रामअवतार लांगड़ी, सीतादेवी वर्मा, पूर्व प्रधान ममता जाट, गिरिराज जाट, करण सिंह, जय नारायण कुमावत, रामविलास बलाई, मौला सेन, बाबूलाल माली, शंकर लाल सैनी, बुधराम मीणा, नारायण लाल यादव, लालचन्द सैनी व भंवर लाल शर्मा सहित कई अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## बनास महोत्सव 2025 : देर रात तक खूब जमा कवि सम्मलेन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** बनास महोत्सव 2025 के तहत जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग की और से आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन देर रात तक चला। कवि सम्मेलन का शुभारंभ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, पूर्व सभापति नगर परिषद लक्ष्मी जैन एसडीएम हुक्मीचंद, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक मधुसूदन सिंह एवं कवियों ने मां सरस्वती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके किया। कवि सम्मेलन में रायबरेली की कवयित्री कोमल नाजुक ने सरस्वती वंदना और मंच संचालक राष्ट्रीय कवि प्रदीप पंवार ने प्रभु श्रीराम वन्दना से सरस भावपूर्ण शुरुआत की।

कवि सम्मलेन में वीररस के विख्यात कवि वेदव्रत वाजपेयी लखनऊ ने देशभक्ति से ओतप्रोत ''अभी तिरंगे के रंगों का ठीक से उडना बाकी है, कटे-फटे इस मानचित्र का पूरा जुडना बाकी है ,पंजा साहब ननकाना में शक्ति प्रदर्शन करना है ,हमको भी तो हिंगलाज माता के दर्शन करना है,तिब्बत वाले बौद्ध मठों से आशीषों की आशा है,मानसरोवर का पावन जल पीने की जिज्ञासा है'' कविता सुनाई तो ऑडिटोरियम भारत माता की जय वंदे मातरम और तालिया से गूंज उठा। हास्य के धुरंधर कवि दिनेश देसी घी मध्य प्रदेश ने हास्य रस से परिपूर्ण काव्य पाठ कर श्रोताओं को हंस कर लोटपोट करते हुए 'सारी विश्व गगन पर आपकी हम तिरंगा फहराएंगे विश्व गुरु थे और रहेंगे आगे भी कहलाएंगे, जो ना चाहे वह ना बोले लेकिन गरलता ना बोले,हम बोलेंगे जय भारत की, वंदे मातरम गायेंगे' सुनाकर खूब तालियां बटोरी। हास्य के सूरत अजनबी जयपुर ने खूब हंसाते हुए 'शहर के दिखाके सपने नगरी भी ले गया,रेल तो आयी नहीं वो पटरी भी ले गया,चराने भेजा था जिसे ग्वाल बनाके मैंने,भागा जो तो भागा मेरी बकरी भी ले गया'...करारे व्यंग्य कर छाप छोड़ते हुए खूब तालियां बजवाई। मंच संचालक राष्ट्रीय कवि प्रदीप पंवार ने 'अरावली पर कुछ इस तरह- किसी की जिन्दगी मिटाना नहीं बनाना है, अंधेरों से हार जाना नहीं, लड़ जाना है जब अरावली की अस्मिता खतरे में हो, तो पीछे मुड़ जाना नहीं टकराना है' कविता सुनाई तो खूब तालियों की गडग़ड़ाहट हुई। श्रोताओं से खचाखच भरे आडिटोरियम में देर रात तक चले कवि सम्मलेन में कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सीईओ परशुराम धानका, एसडीएम हुकमीचंद रोलानिया, नगर परिषद की पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक मधुसूदन सिंह, डॉ राजीव बंसल, भगवान भंडारी, रोहित कुमावत, भारत नरूका, एडवोकेट बेनी प्रसादगुर्जर, पवन सागर, बादल साहू,आकाश जैन, तरुण टिक्कीवाल, रमेश काला, डी डी गुप्ता, एडवोकेट शैलेंद्र शर्मा, हंसराज धाकड़,राधेश्याम चावला, गोपाल नटराज,विनायक जैन, हरवंश शर्मा, शिमला शर्मा,डा शानू बंसल, दिलीप साहू, विष्णु दत्त बिंदल,गोपाल नटराज, प्रवीण सिंह सोलंकी, अरविंद सिंहसोलंकी, मुकेश शर्मा, भगवान बाहेती, बद्री लाल जाट, सत्य नारायण नामा सहित काफी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

## इम्मानुएल स्कूल में मनाया क्रिसमिस डे

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** इम्मानुएल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रभु यीशु के जन्म दिवस व क्रिसमिस डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु यीशु के जन्म से जुड़े प्रेरक वचनो के पाठ से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को हैप्पी मैरी क्रिसमिस की शुभकामनाएं देते हुए घर, परिवार और राष्ट्र की खुशहाली की कामना की। विद्यालय प्रबंधक अगस्ट्रीन जॉर्ज ने सामूहिक प्रार्थना करवाई, जबकि प्राचार्य मिनी ए जॉर्ज के नेतृत्व में प्रभु यीशु के जन्म से जुड़े मधुर गीत प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने प्रार्थना व बधाई गीतों के माध्यम से प्रभु यीशु के प्रेम, त्याग और करुणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ईसा मसीह के जन्म पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। प्रबंधक अगस्ट्रीन जॉर्ज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव कल्याण के लिए परमात्मा ने अपना सबसे महान और अमूल्य उपहार अपने पुत्र ईसा मसीह के रूप में संसार को दिया। उन्होंने देश में बढ़ रही आतंकवादी और हिंसक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए देश व प्रदेश की सरकारों से इनके समाधान के लिए अधिक सक्रियता से कार्य करने की अपील की।

## राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य मोहन मोरवाल आज जनसुनवाई करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसरण में राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग जयपुर राज्य के भीतर स्थानीय निकायों (ग्रामीण व शहरी) में सभी स्तरों पर अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति एवं उसके निहितार्थों की समसामयिक एवं अनुभवजन्य तरीके से गहन जांच, अध्ययन कर रहा है।

एडीएम रामरतन सौंकरिया ने बताया कि राज्य की पंचातयीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के निर्वाचनों में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के संबंध में अनुषंषाएं राज्य सरकार को भिजवाये जाने के तहत आयोग के सदस्य मोहन मोरवाल द्वारा शुक्रवार को प्रातः 10:30 से 12:30 बजे तक जिला परिषद टोंक के सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

जनसुनवाई कार्यक्रम में वर्तमान एवं पूर्व प्रमुख, उप प्रमुख, सांसद एवं विधायक, प्रधान, जिला परिषद पंचायत समिति सदस्य, नगर पालिका, नगर परिषद के सदस्य एवं अध्यक्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के पदाधिकारी, जिले की बार काउन्सिल के सदस्य, आमजन तथा जिला के समस्त निवासीगण जो इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करना चाहते हैं, को आमन्त्रित किया गया है।

## अटल स्मृति वर्ष के तहत भाजपा कार्यालय में जिला कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर टोंक जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में मुख्य वक्ता एससी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश चंदेल एवं पूर्व सफाई आयोग के सदस्य दीपक संगत रहे।वक्ताओं ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके राष्ट्रसेवा से परिपूर्ण जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश चंदेल ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व, विचार एवं कृतित्व भारतीय राजनीति के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक निर्णयों एवं विकास कार्यों से देश को सशक्त नेतृत्व और सुशासन की दिशा मिली।भाजपा नेता दीपक संगत ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत के उन नेताओं में थे, जिनका व्यक्तित्व सत्ता से बड़ा और विचार दलों से ऊपर था। एक कुशल वक्ता के रूप में उनकी भाषा में कटुता नहीं, बल्कि तर्क, संवेदना और आत्मविश्वास झलकता था। संसद हो या जनसभा, उनकी वाणी विरोधियों को भी सुनने पर मजबूर कर देती थी। वे जानते थे कि शब्द केवल हथियार नहीं, सेतु भी हो सकते हैं।कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, प्रधान काबरा,कार्यक्रम संयोजक तरुण टिक्किवाल, कार्यक्रम सह-संयोजक बिना छामुनिया,राधेश्याम चावला, नीलमा आमेरा, मंडल अध्यक्ष भगवान सैनी,विष्णु चावला, टोंक देहात अध्यक्ष धर्मराज गुर्जर,मेहंदवास मंडल अध्यक्ष नंद लाल जाट,महावीर शर्मा,रघुवीर नायक, आरव सिसोदिया, रतिराम पहाडिया,जुली शर्मा, मोनिका जैन,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्योराज जाट,पंकज सैनी, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष राजेंद्र मेहरा, पार्षद मनीष सिसोदिया,ममता शर्मा,उषा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सुशासन दिवस पर जिले भर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कार्मिकों ने ली सुशासन की शपथ**

# सुशासन जवाबदेह,कुशल और प्रभावी शासन की नींव- कन्हैया लाल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस गुरुवार को सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, जिलेभर के कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सुशासन की शपथ ली।

जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद सभागार में हुआ। यहां जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअली सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि सुशासन जवाबदेह, कुशल और प्रभावी शासन की नींव रखता है। इसमें संसाधनो का उचित प्रबंधन होता है तथा कानून का शासन कायम रहता है। इस तरह के शासन में जनता का विश्वास बढ़ता है और देश प्रगति करता है। आज हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में इसी ध्येय को लेकर कार्य कर रही है। देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। जनहित की योजनाएं अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। यह हम सब की जिम्मेदारी है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरु की गई स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना आज शहरी व ग्रामीण विकास की गाथा कह रही है। निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन और विचार हर व्यक्ति को सुशासन की और बढने की प्रेरणा देते है। हम सभी को 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यक्रमों में सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी को सराहनीय बताया। साथ ही आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर जोर देते हुए गुड गर्वेनेंस में जनता के प्रति जवाबदेह होने की बात कही।

इस दौरान सीईओ परशुराम धानका, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, विष्णु शर्मा, तरुण टिक्कीवाल, अंजली गुप्ता, महेन्द्र सिरोठा, विनायक जैन समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहें।

## सब जूनियर, जूनियर नेशनल जुजुत्सु चैपियनशिप 2025 में उदयपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** हल्दवानी (उत्तराखंड) में 19 से 23 दिसंबर तक आयोजित सब जूनियर, जूनियर नेशनल जुजुत्सु चैपियनशिप 2025 में उदयपुर (राजस्थान) के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में उदयपुर के खिलाड़ियों ने विभिन्न इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए। जुजुत्सु एसोसिएशन उदयपुर के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि इस नेशनल जुजुत्सु टूर्नामेंट मे लेखाश कावड़िया ने निवाजा एवं फाइटिंग इवेंट में बेहतरीन खेल दिखाते हुए 2 सिल्वर मेडल हासिल किए। धृत जैन ने फाइटिंग इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। वहीं मेघाशी कावड़िया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर उदयपुर का नाम रोशन किया। इसके साथ ही यत्विक यादव ने प्रतियोगिता में भाग लेकर सराहनीय प्रदर्शन किया। टीम का सफल मार्गदर्शन कोच चेतन मेहता द्वारा किया गया तथा टीम मैनेजर मयंक जी कावड़िया ने टीम प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाई। इस उपलब्धि पर द जील परिवार की ओर से सभी खिलाड़ियों, कोच एवं टीम मैनेजर का उदयपुर पहुंचने पर ढोल, नगाड़ों एवम आतिशबाजी के साथ सभी अभिभावकों और बच्चो की मौजूदगी में धूम धाम से स्वागत अभिनंदन किया एवं शुभकामनाएँ दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## पुष्प प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बनी हिन्दुस्तान जिंक की स्टॉल

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** फतहसागर झील की पाल पर हिन्दुस्तान जिंक के सह प्रायोजन से जिला प्रशासन एवं उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा 10 दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने किया। फ्लावर एग्जिबिशन की शुरुआत के साथ ही फतहसागर की पाल रंग-बिरंगे और विविध प्रजातियों के दुर्लभ पुष्प से महक उठी। प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी शहरवासियों , देसी-विदेशी पर्यटकों में पुष्प प्रदर्शनी का खासा आकर्षण रहा। पुष्प प्रदर्शनी के साथ ही हिन्दुस्तान जिंक के उत्पादों एवं सीएसआर के तहत सखी महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को भी पर्यटकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। हिन्दुस्तान जिंक ने अपने प्रोडक्ट्स इकोजेन और सखी समूहों के दायिची, उपाया, गौयम डेयरी के उत्पादों का स्टॉल प्रदर्शित किया जिसमें अचार, नमकीन, मसाले, दालें, परिधानों,कपड़े से निर्मित विभिन्न उत्पाद, अजरख प्रिंटेड कपड़े और एक्सेसरीज और गौयम के डेयरी प्रोडक्ट्स प्रदर्शित किए। इसके साथ ही, पारंपरिक ब्लॉक प्रिंटिंग और पारंपरिक बिलोना घी बनाने का भी प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र बने हुए है।

## गरीबी को मात देकर योगेश जिंदोलिया बने राजस्थान पुलिस कांस्टेबल, पाछुडाला में हुआ भव्य सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत पांछुडाला स्थित घाटीवाला की ढाणी के निवासी योगेश कुमार जिंदोलिया पुत्र शिवराम जिंदोलिया ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद संघर्ष और मेहनत के बल पर राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल पद पर अंतिम चयन प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। योगेश का चयन ब्यावर जिले में कांस्टेबल पद पर हुआ है। उल्लेखनीय है कि योगेश ने जनरल कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप रैंक हासिल की है, जो उनकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। योगेश का परिवार आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर है। उनकी माता विमला देवी गृहणी हैं, जबकि पिता शिवराम बलाई मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं और वे दिव्यांग भी हैं। ऐसी विषम परिस्थितियों में भी योगेश ने हार नहीं मानी और निरंतर परिश्रम कर यह मुकाम हासिल किया। योगेश की इस ऐतिहासिक सफलता पर ग्राम पंचायत पाछुडाला में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह शेखावत की अध्यक्षता में योगेश को साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

## खोया हुआ मोबाइल लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** कहते हैं कि आधुनिक युग में ईमानदारी की बातें अब केवल किताबों तक सीमित रह गई हैं, लेकिन पावटा कस्बे में घटी एक छोटी-सी घटना ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया। आज के समय में भी ईमानदारी जीवित है, इसका प्रमाण पावटा राशन डीलर संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ओला और राकेश ओला ने प्रस्तुत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के राठी मंदिर के सामने पावटा निवासी कालूराम सैनी का मोबाइल फोन कहीं गिर गया था। काफी तलाश के बावजूद मोबाइल नहीं मिलने पर वे निराश हो गए थे। इसी दौरान मोबाइल कृष्ण कुमार ओला और राकेश ओला के हाथ लगा। उन्होंने बिना किसी लालच के मोबाइल के असली मालिक की पहचान कर उसे सुरक्षित रूप से कालूराम सैनी को लौटा दिया। मोबाइल वापस मिलने पर कालूराम सैनी ने दोनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के दौर में जब लोग छोटी-छोटी चीजों के लिए भी ईमानदारी छोड़ देते हैं, ऐसे में मोबाइल लौटाकर इन दोनों ने मानवता और नैतिक मूल्यों की मिसाल पेश की है। कृष्ण कुमार ओला और राकेश ओला ने कहा कि किसी की खोई हुई वस्तु लौटाना हमारा नैतिक दायित्व है।

# सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन, प्रधानमंत्री ने कहा खिलाड़ी कभी नहीं हारता-जीतता है या सीखता है

## खेलो इंडिया का सपना अब साकार हो रहा है : कटारिया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सांसद खेल महोत्सव का गुरुवार को भव्य समारोह में खिलाडियों को सम्मानित करने के साथ हुआ। समारोह में एक हजार से ज्यादा खिलाडियों को विभिन्न खेलों में विजेता व उपविजेता रहने पर ट्रॉफी व नगद राशि के साथ सम्मान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वीडियो कांफ्रेंस के जरिए देश भर के खिलाडियों से संवाद किया और देश के लिए आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खिलाडी कभी हारता नहीं है। या तो वो जीतता है या सीखता है।

सांसद कार्यालय खेल संयोजक मनोज जोशी ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ। श्री कटारिया ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन से जो आपसी मिलन होता हैए एक दूसरे से सीखने को मिलता है और अनुशासन से रहने का स्वभाव बनता है। ये ही जीवन की सबसे बडी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खेलो इंडिया का सपना अब साकार होता जा रहा है। देश के खिलाडी अब कई खेलों में इंटरनेशनल लेवल पर मेडल ला रहे हैं। यह 2036 में होने वाले ओलम्पिक की तैयारी है।

### खिलाड़ियों को कौशल दिखाने का मंच मिला : प्रधानमंत्री

समारोह के दौरान ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले खिलाडियों को संबोधित भी किया। इससे पूर्व उन्होंने कुछ खिलाडियों से सीधा संवाद भी किया और उनसे सांसद खेल महोत्सव का फीडबेक भी लिया। खिलाडियों ने कहा कि खेल महोत्सव से उन्हें एक आत्मविश्वास मिलाए उन्हें आगे बढने का मौका मिला तथा विशेषज्ञों से खेल को लेकर टिप्स भी मिले। उन्होंने कहा कि खेल भी आगे बढने और अपना कौशल दिखाने का एक माध्यम बन गया है। प्रधानमंत्री ने हरियाणा के एक खिलाडी से पूछा कि क्या वे देश के लिए मेडल लेकर आएंगे। इस पर खिलाडी ने कहा कि वे एक दिन मेडल लाकर प्रधानमंत्री के हाथों में देंगे। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आप तो दिल खोल कर खेलिए। मेडल तो आते रहेंगे। कभी हार भी जाए तो अपना मनोबल बनाए रखेए क्योंकि खिलाडी कभी नहीं हारता। खिलाडी या तो जीतता हैए या फिर सीखता है।

समारोह में विधायक ताराचंद जैन, शांता देवी मीणा, कन्हैयालाल मीणा, वरिष्ठ नेता शांतिलाल चपलोत, देवीलाल सालवी, लोकसभा क्षेत्र खेल सह संयोजक पंकज बोराणा, संचालन महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता जोशी पूर्व महामंत्री दीपक शर्मा ने किया।

समारोह में भारतीय लेक्रोस टीम की कप्तान सुनीता मीणा तथा नेशनल शूटिंग खिलाडी कायना डांगी का भी सम्मान किया गया। निम्बू चम्मच दौड प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में नयागांव मण्डल के प्रशांत परमार विजेता व ऋषभदेव मण्डल हंस कुमार मीणा उप विजेता रहे। महिला वर्ग में गोगुन्दा मण्डल उर्मिला पालीवाल विजेता व नयागांव मण्डल की वसुंधरा परमार उपविजेता तथा सराड़ा मण्डल की करिश्मा मीणा तृतीय स्थान पर रही।

# पहाड़ियों पर गूंजा 'अरावली बचाओ' का नारा

## 100 मीटर आदेश में व्यावहारिक संशोधन की उठी मांग

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम टोरड़ा गुजरान एवं बुचारा की पहाड़ियों पर युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर सुप्रीम कोर्ट के अरावली क्षेत्र से संबंधित 100 मीटर पहाड़ी सीमा आदेश में व्यावहारिक सुधार की मांग को लेकर प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया। पहाड़ियों पर चढ़कर युवाओं ने 'अरावली बचाओ के नारे लगाए और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आमजन के अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई।

इस अवसर पर एडवोकेट देवांश सिंह ने कहा कि अरावली का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, लेकिन इसके नाम पर वर्षों से बसे ग्रामीणों, किसानों और आम नागरिकों के जीवन को संकट में डालना न्यायसंगत नहीं है। 100 मीटर सीमा के आदेश की वर्तमान व्याख्या से विकास कार्य ठप हो रहे हैं और आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना कर रहा है। जरूरत इस बात की है कि संरक्षण और विकास के बीच संतुलन बनाया जाए। उन्होंने मांग की

कि वास्तविक भौगोलिक स्थिति और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आदेश में व्यवहारिक संशोधन किया जाए। सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा ने कहा कि अरावली केवल पहाड़ नहीं, बल्कि यहां रहने वाले हजारों परिवारों की आजीविका से जुड़ी हुई है। हम अरावली के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि उसके वैज्ञानिक और न्याय संगत संरक्षण के पक्ष में हैं। ऐसा संरक्षण हो जिससे पर्यावरण भी बचे और ग्रामीणों का जीवन भी प्रभावित न हो। वहीं पार्षद उमेश आर्य ने कहा कि अरावली क्षेत्र में पहले से मौजूद आबादी, मंदिर, रास्ते और बुनियादी ढांचे को नजरअंदाज कर नियम लागू करना उचित नहीं है। सरकार और न्यायपालिका को जमीनी हकीकत समझते हुए समाधान निकालना चाहिए।

## महाराजा सूरजमल ने संगठन, शक्ति और एकता के बल पर सशक्त शासन की नींव रखी-डॉ शैलेश सिंह

### डीग में महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर महाराजा सूरजमल यूथ ब्रिगेड और जाट समाज ने निकाली विशाल शौर्य रैली

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** महाराजा सूरजमल यूथ ब्रिगेड के तत्वाधान में महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर गुरुवार को डीग शहर में भव्य महाराजा सूरजमल शौर्य यात्रा निकाली गई। शौर्य यात्रा को डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने अऊ गेट पर महाराजा सूरजमल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि महाराजा सूरजमल अद्वितीय वीरता, साहस और रणनीतिक कौशल के प्रतीक थे। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष कर भरतपुर रियासत को सशक्त बनाया और सदैव धर्म, स्वाभिमान व जनकल्याण की रक्षा की। उनकी शौर्य गाथा आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि महाराजा सूरजमल ने संगठन शक्ति और एकता के बल पर सशक्त शासन की नींव रखी। उन्होंने किसानों, सैनिकों और आमजन के हितों को सर्वोपरि रखा। आज आवश्यकता है कि युवा उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

महाराजा सूरजमल शौर्य यात्रा शहर के अऊ गेट से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड होते हुए शहर के सभी मुख्य बाजारों में होकर निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में एक गाड़ी में रखे महाराजा सूरजमल के चित्र के साथ , कारों, जे सीबी, ट्रैक्टर ट्रॉलीयो और वाइको पर सवार महाराजा सूरजमल युद्ध ब्रिगेड और जाट समाज के कार्यकर्ता हाथों में ध्वज लेकर महाराजा सूरजमल जिंदाबाद भारत सूरजमल अमर रहे के नारे लगाते चल रहे थे। शहर में जगह-जगह पुष्प बरसा कर शौर्य यात्रा का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में किसान नेता नेम सिंह फौजदार, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल गुप्ता ,शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, तारा सिंह सिनसिनवार सहित बड़ी संख्या में महाराजा सूरजमल युद्ध ब्रिगेड के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रामसिंहपुर क्षेत्र के गांव 48जीबी के रेडबगी के जवान का दाह संस्कार में क्षेत्र के हजारों लोगों ने भाग लिया

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ उपखंड क्षेत्र के रामसिंहपुर 48 जीबी रेडबगी से एक अत्यंत दुखद समाचार सामने आया है। भारतीय सेना के जवान मनजीत सिंह राय का उत्तर प्रदेश में ड्यूटी के दौरान अचानक हृदय गति रुकने (हार्ट अटैक) से वीरगति को प्राप्त हो गया शहीद जवान के निधन की सूचना मिलते ही गांव, क्षेत्र और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन गहरे सदमे में हैं। जानकारी के अनुसार

गुरुवार को शहीद मनजीत सिंह राय का अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ, भारतीय तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर के साथ किया गया लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर फूलों की बरसात की उन्हें शमशान भूमि तक जय हिंद के नारे लगाकर श्मशान घाट पहुंचाया गया सभी ग्राम वासियों की आंखें एकदम नाम हो गई आए हुए सभी गणमान्य यों ने शहीद फौजी मनजीत सिंह राय को श्रद्धांजलि अर्पित की। गांव व क्षेत्रवासियों ने शहीद जवान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। इस मौके पर श्रद्धांजलि देने के लिए विजयनगर पुलिस प्रशासन बल रामसिंहपुर पुलिस प्रशासन बल उनके पार्थिव शरीर के साथ रहा।

# सांसद व राज्यमंत्री के बगल में दिखा कांट्रेक्ट किलिंग में संदिग्ध आरोपी

- प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम के दौरान ही मंच किया साझा
- भाजपा नेता की हत्या मामले में संदेह के घेरे में है संत भजनाराम

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** चित्तौड़गढ़ में भाजपा नेता व व्यापारी रमेश इनाणी हत्या मामले में जिस संत की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है वह गुरुवार को यहां सांसद लुम्बाराम चौधरी व राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के साथ मंच साझा करता दिखा। जिस समय प्रधानमंत्री का लाइव कार्यक्रम चल रहा था उस समय भी आरोपी मंच पर मौजूद रहा। कांट्रेक्ट किलिंग के जरिए व्यापारी की हत्या के मामले में जांच के दौरान पुलिस को दो संतों की भूमिका संदिग्ध मिली है। इसमें से एक चित्तौड़गढ़ का संत रमताराम व दूसरा सिरोही का संत भजनाराम है। सिरोही का यह संत गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम में दिखा। कार्यक्रम में सांसद व पंचायतराज राज्यमंत्री के बगल में संत तीर्थगिरी बैठे रहे तथा इनके पास संत भजनाराम बैठे दिखे। यहां अन्य कई जनप्रतिनिधि एवं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे, लेकिन किसी का ध्यान इस ओर नहीं गया।

**पास में बैठे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी** -प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आए। उनके आगमन पर भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़ ने उन्हें बैठाया भी। उनकी सीट आरोपी संत की लाइन में ही थी। इसी लाइन में एसडीएम हरीसिंह देवल भी बैठे रहे।

सिरोही में सांसद खेल महोत्सव में मंच साझा करता संत भजनाराम

### अहम सुराग मिलने के बाद बनाया आरोपी

इस मामले में चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस के उप निरीक्षक पारसकुमार ने बताया कि इनाणी हत्या मामले में जांच के दायरे में आने के बाद संत भजनाराम से पूछताछ की गई थी। लेकिन, इसके बाद कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है। उधर, संत रमताराम व सिरोही के संत भजनाराम पर हत्या का आरोप लगने के बाद रामस्नेही सम्प्रदाय ने भी एक फैसला जारी करते हुए इन दोनों को सम्प्रदाय से निष्कासित भी कर दिया है।

### अग्रिम पंक्ति में बैठा रहा आरोपी संत

कार्यक्रम में मंच के रूप में निर्धारित अग्रिम पंक्ति में सांसद व राज्यमंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, जालोर जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित, पूर्व मंत्री भूपेंद्र देवासी समेत भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। आरोपी संत भजनाराम भी इसी लाइन में बैठा रहा।

### शूटर व संत को मिलाने में रही भूमिका

ज्ञातव्य है कि गत 11 नवम्बर को चित्तौड़गढ़ में भाजपा नेता व व्यापारी रमेश इनाणी की दिन-दहाड़े किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। व्यापारी की हत्या के मामले में शूटर मनीष दुबे को पुलिस ने उसी दिन शाम को दबोच लिया था। इस मामले में सुपारी देने वाले संत रमताराम को आरोपी बनाया गया है। जांच के दौरान सामने आया है कि संत रमताराम की शूटर से मुलाकात कराने में सिरोही के संत भजनाराम की अहम भूमिका रही।

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की 101वीं जयंती को कपासन में सुशासन दिवस रूप में मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर पालिका परिसर में गुरुवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं न.पा. कपासन अधिशासी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि नगर पालिका की ओर से कार्यालय परिसर में श्री वाजपेयी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।साथ ही उपस्थित वक्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया गया। उक्त कार्यक्रम में न.पा. कपासन सहायक अभियंता खेमराज सिंह द्वारा सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गयी।इस दौरान भाजपा नगर कपासन मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय,जीएसएस अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद नन्दकिशोर टेलर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभुलाल बागड़ा,अनुसूचित जाति जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,पवन गर्ग,वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार,कनिष्ठ सहायक नन्दलाल मेनारिया,सचिन सोनवाल,पार्षद अशोक विजयवर्गीय,पार्षद गोपाल पुर्बीया,प्रकाशचंद्र शर्मा, एसबीएमएमआईएस रिया गर्ग,शांतिलाल खटीक,लेखा सहायक प्राची डीडवानिया,हीरालाल शर्मा, माधवलाल कुमावत,कंप्यूटर ऑपरेटर ललित पंवार, कार्यवाहक जमादार विशाल कोदली आदि नपा कार्मिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## अग्निवीर मोहम्मद शोएब का कपासन में किया उत्साहपूर्वक स्वागत अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** केंद्रीय सरकार के शौर्य पराक्रम अभियान के अंतर्गत चित्तौडग़ढ़ जिले के प्रथम विधानसभा कपासन क्षेत्र की राशमी पंचायत के ग्राम आरणी निवासी मोहम्मद शोएब पिता मोहम्मद कल्लू नीलगर का भारतीय सेना के मिशन अग्निवीर में चयन होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर अग्निवीर मोहम्मद शोएब का दीवाना शाह दरगाह शरीफ कपासन के बाहर आम मुस्लिम अंजुमन कमेटी के सदर अशफाक हुसैन तुर्कीया की अगुवाई में माला पहनाकर एवं साफा बांधकर उत्साहपूर्वक अग्निवीर का स्वागत अभिनंदन किया गया।इसके उपरांत देश भक्ति के जज्बे के साथ अग्निवीर मोहम्मद शोएब को बैंगलोर रवाना किया गया।इधर आम मुसलमान अंजुमन कमेटी कपासन के प्रवक्ता गुड् खान ने बताया कि गरीब परिवार के होनहार मोहम्मद शोएब ने अग्निवीर के समस्त मापदंडों को उत्कृष्टता के साथ पूर्ण कर समस्त मुस्लिम समाज को गौरवान्वित किया है।साथ ही अग्निवीर मोहम्मद शोएब को शुभकामनाओं के साथ देश सेवा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद हनीफ अंसारी,अरबाज हुसैन,मोहम्मद गनी शेख,शाहरुख रंगरेज,मोहम्मद राशिद नियारगर,शरीफ शाह,सद्दीक नीलगर,अल्ताफ हुसैन,पुरन आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## उमराह के मुक़द्दस सफ़र पर रवाना होने से पूर्व शमशू कमर मंसूरी व उनकी पुत्रियों का कांग्रेस कार्यालय में पर हुआ ख़ैरमक़दम

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** मुस्लिम समाज की सबसे पाक और मुक़द्दस इबादतों में शुमार मक्का-मदीना की उमराह यात्रा पर प्रस्थान करने से पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं निवर्तमान पालिका पार्षद शमशू कमर मंसूरी और उनके परिवारजनों का गुरुवार को 12.15 बजे कांग्रेसजनों द्वारा आत्मीय एवं गरिमामय वातावरण में ख़ैरमक़दम किया गया। यह कार्यक्रम निंबाहेड़ा के पेच एरिया परिसर स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुआ, जहां पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने शमशु क़मर मंसूरी व उनकी पुत्रियों का गुलपोशी कर स्वागत किया तथा उन्हें उमराह के पाक और मुक़द्दस सफ़र के लिए दिल से मुबारकबाद,हार्दिक बधाई एवं नेक दुआएं पेश कीं। कार्यक्रम के अंत में शमशू कमर मंसूरी ने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार और वरिष्ठ नेताओं का यह प्यार और दुआएं उनके लिए हमेशा यादगार रहेंगी। वे उमराह के दौरान सभी के लिए खुसूसी दुआ करेंगे। इस अवसर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया, जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना, पूर्व पालिका अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा, क्रय विक्रय सहकारी समिति के डायरेक्टर गोपाल लाल आंजना, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सम्पत धाकड़, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झंवर,पूर्व पार्षद रवि प्रकाश सोनी, जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख,असफिया मंसूरी, अर्शिया मंसूरी,शहाना खानम, महजबी रफी ख़ान, खदीजा ख़ान आदि उपस्थित थे।

## दुर्गावाहिनी शिक्षिका अभ्यास वर्ग हेतु भीलवाड़ा विभाग की 13 बहिनें जयपुर रवाना

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** विश्व हिंदू परिषद की दुर्गावाहिनी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले शिक्षिका अभ्यास वर्ग के लिए भीलवाड़ा विभाग की 13 बहिनें जयपुर के लिए रवाना हुईं। दुर्गावाहिनी विभाग संयोजिका सोनाली जांगिड ने बताया कि यह शिक्षिका अभ्यास वर्ग 24 से 29 दिसंबर तक जयपुर स्थित आतिथेय होटल में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यास वर्ग के दौरान बहिनों को जूडो, दंड, कराटे, बाधा अभ्यास, नियुद्ध, योगासन सहित शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास से जुड़े विविध प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे। सात दिवसीय इस अभ्यास वर्ग का उद्देश्य बहिनों को सर्वांगीण रूप से सशक्त बनाना है।

# दसवें विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

# 1500 से अधिक मरीजों को मिला शिविर का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ (संजय खाबिया)।** निंबाहेड़ा में हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी (पंजी.) के तत्वावधान में एवं भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई, राजस्थान जयपुर के चिकित्सकीय सहयोग से आयोजित दसवें विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी के मुख्य ट्रस्टी उदयलाल आंजना तथा छोटी सादड़ी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान मनोहरलाल आंजना ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

यह शिविर सुपुत्र स्वर्गीय हरीश आंजना, मातृश्री स्वर्गीय श्रीमती गोपीबाई आंजना, पिताश्री स्वर्गीय भेरूलाल आंजना एवं बहिन स्वर्गीय श्रीमती कमला बाई जी आंजना की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है, जो समाज के प्रति उनके सेवा-भाव को सच्ची श्रद्धांजलि है।

हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी (पंजी.) के सचिव जगन्नाथ सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि डाक बंगला रोड स्थित पेच एरिया परिसर में प्रातः 9.00 बजे शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आंजना परिवार के भरत आंजना, पूरण आंजना, विक्रम आंजना, चंद्रेश आंजना, ध्रुवीन आंजना सहित परिवारजन एवं सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे।

शिविर को लेकर आमजन में अत्यधिक उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। सुबह से ही निंबाहेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों एवं दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष नेत्र रोगी अपने परिजनों के साथ शिविर स्थल पर पहुंचे। भ्रमणशील शल्य चिकित्सा ईकाई राजस्थान जयपुर की शिविर प्रभारी अधिकारी एवं अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम गुप्ता, प्रमुख नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सिद्धेश गर्ग, डॉ राशिद मोहम्मद,डॉ. महेंद्र कुमार, डॉ. हरलाल सिंह चौधरी, डॉ सुमन चौहान, एवं निदेशक मोबाइल सर्जिकल यूनिट राजस्थान जयपुर के निजी सहायक राजेंद्र शर्मा तथा निंबाहेड़ा जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राघव सिंह, डॉ दशरथ अंजना, डॉ महेंद्र कुमार,द्वारा मरीजों का पंजीयन कर निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया। उक्त नेत्र चिकित्सा शिविर में भ्रमण शील शल्य चिकित्सा ईकाई राजस्थान जयपुर के नर्सिंग स्टाफ एवं निंबाहेड़ा के जिला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ कर्मियों द्वारा बेहतरीन और सहरानीय सेवाएं प्रदान की गई।

हर व्यक्ति का चैंपियन बनना जरूरी नहीं, लेकिन निराश नहीं हो

## सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर पहुंचे कपिल देव, युवाओं को दिया प्रेरणादायक संदेश

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ (संजय खाबिया)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं 1983 विश्व कप विजेता टीम के महानायक कपिल देव गुरुवार को चित्तौडग़ढ़ पहुंचे। उन्होंने इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित सांसद खेलकूद महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर कपिल देव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सरकार खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक मंच उपलब्ध करा रही है। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिलता है। ऐसे ही खिलाड़ी भविष्य में देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके समय में आज जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, लेकिन अब सरकार और विभिन्न संस्थाएं खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। इससे भारत में खेलों का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का उल्लेख करते हुए कपिल देव ने कहा कि 'खून-पसीने की कमाई का आनंद ही अलग होता है। पूरी मेहनत और लगन से किया गया प्रयास जरूर रंग लाता है।' इससे पूर्व इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंचने पर कपिल देव का भव्य स्वागत किया गया। सांसद सी.पी. जोशी, जिला कलेक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद्र कृपलानी, चित्तौडग़ढ़ विधायक चंद्रभान सिंह, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर एवं बेगूं विधायक सुरेश धाकड़ ने उन्हें उपरणा ओढ़ाकर एवं विजय स्तंभ का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## भव्य शोभायात्रा के साथ कपासन में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

नगर में प्रतिदिन 25 से 31 दिसं. तक होगा कथा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर में स्थित बड़ला वाले सगस बावजी मंदिर परिसर में गुरुवार को विशाल कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के भव्य आयोजन का शुभारंभ हुआ।जिसके तहत गुरुवार प्रातः नगर कपासन के बस स्टैंड स्थित श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर से 121 मंगल अमृत कलश के साथ भागवत ग्रंथ की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।जिसमे महिलाएं मंगल कलश धारण कर एवं श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।उक्त विशाल शोभायात्रा बेंड- बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से होकर श्रीमद् भागवत कथा स्थल बड़ला वाले सगस बावजी मंदिर स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि नगर कपासन में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर मार्ग पर आगे स्थित बड़ला वाले सगस बावजी मंदिर पर 25 से 31 दिसं. तक प्रतिदिन 12.15 से 4 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा।उक्त धार्मिक आयोजन को लेकर नगरवासियों सहित श्रद्धालुओं में हर्ष बना हुआ है। इधर उक्त श्रीमद् भागवत कथा आयोजन को सफल बनाने हेतु छात्रनेता तरुण बारेगामा,युवा समाजसेवी मनोज आचार्य,नमन बरेगामा,जमनालाल तेली,गोपाल बारेगामा,अर्जुन बारेगामा,किशन बारेगामा,भेरूलाल तेली,प्रमोद बारेगामा,मनोज बारेगामा,देवीशंकर बारेगामा,दिलीप बारेगामा,दीपक सोमानी मुकेश टेलर आदि कार्यकर्ताओं एवं युवा वर्ग द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## अपराध से मुंह मोड़कर स्वावलंबी बने अपराधी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ (संजय खाबिया)।** चोरी व संपत्ति संबंधी अपराध नियंत्रण और अपराध जगत से विमुख होकर स्वावलंबन के जरिए समाज के मुख्य धारा में लाने की दिशा में जिला पुलिस के अभिनव प्रयोग ने न केवल चोरी व संपत्ति संबंधी अपराधों में कमी लाई है, बल्कि इसके समाज सुधार के क्षेत्र में भी नया आयाम दिखाई दे रहे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने नव वर्ष पर लक्ष्य निर्धारित करते हुए इस प्रकार के अनूठे अभियान का शुभारंभ किया है, जिसके सकारात्मक नतीजे भी प्रारंभिक तौर में ही नजर आने लगे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने इस संबंध में जिले के समस्त थानों को निर्देशित किया। जिस पर संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त तथा पूर्व में चालानशुदा अपराधियों को थानों पर बुलाकर समझाईश देकर एवं अपराध के दुष्परिणाम व स्वावलंबन के सुखद परिणाम से अवगत करवा कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**खुद का व्यवसाय और श्रम करके मिल रहा सुकून :** रावतभाटा थाना क्षेत्र के बाइक चोरी के मामले में अपराधी रहे रामलाल (छद्म नाम) को जब पुलिस ने समझाईश देकर स्वावलंबन के लिए प्रेरित किया और प्रोत्साहित किया तो रामलाल ने बताया कि वह पत्थर चुरी का स्टॉक लगाकर व्यवसाय कर रहा है। उसके अलावा खेती-बाड़ी का काम करके सुखचैन से अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। उसने बताया कि वह चोरी या किसी भी अपराध से दूर है और अब उसे व्यवसाय व खेती में श्रम करके परिवार के साथ सुखी जीवन यापन करने में सुकून मिल रहा है।

### अटल जी की स्मृतियों को नमन, सुशासन का संकल्प

## ब्यावर बस स्टैंड परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती गुरुवार को ब्यावर में सुशासन दिवस के रूप में श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्यावर बस स्टैंड स्थित परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण नमन किया। इसके पश्चात लोकेंद्र जांगिड़ (प्रबंधक यातायात) द्वारा सभी को सुशासन की शपथ दिलाई गई, जिसमें ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जनसेवा के मूल्यों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सावर चौधरी (यातायात निरीक्षक), उमाकांत द्विवेदी (प्रबंधक प्रशासन), राकेश (प्रबंधक वित्त), सुरेश कोरानी, राजीव आवाना, वी.पी. सिंह (परिचालक), नेमीचंद लुहार, प्रवीण, रामकिशोर, गोविंद राज, मोहम्मद इकबाल, कन्हैयालाल लुहार, बरकत सहित अनेक चालक, परिचालक व अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से अटल जी के विचारों एवं सुशासन की भावना को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

### जागरूक उपभोक्ता ही सुरक्षित समाज की पहचान

## आशापुरा माता धाम ब्यावर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम स्वयंसेवकों को भारतीय मानकों की दी गई विस्तृत जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और गुणवत्ता मानकों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से आशापुरा माता धाम, ब्यावर के सभागार हॉल में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) जयपुर के तत्वावधान में विषय उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक एवं श्रम कल्याण अधिकारी मुकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ मुख्य अतिथि श्री अब्दुल सादिक ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही शोषण से बच सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं को खरीददारी के समय बिल अवश्य लेने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की सलाह दी श्रम कल्याण अधिकारी मुकेश कुमार ने स्वयंसेवकों को ग्रामीण क्षेत्रों में आईएसआई मार्क एवं हॉलमार्क के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हेतु प्रेरित किया, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं प्रमाणित उत्पाद मिल सकें। कार्यक्रम में राघवेंद्र सिंह (रिसोर्स पर्सन) ने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सिविल निर्माण से संबंधित उत्पादों, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों, सिंचाई जल आपूर्ति व स्वच्छता, स्टेशनरी व फर्नीचर, ऊर्जा संरक्षण जैसे विभिन्न क्षेत्रों के मानकों की जानकारी देते हुए बताया कि बीआईएस द्वारा 23,000 से अधिक उत्पाद मानक निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने मानकीकरण, अनुरूपता मूल्यांकन, प्रयोगशालाएं, ज्वैलरी हॉलमार्किंग, मानकों के प्रकार एवं ग्राम पंचायतों के लिए महत्वपूर्ण मानकों पर भी प्रकाश डाला । उन्होंने सोने के आभूषण खरीदते समय हॉलमार्क तथा अन्य उत्पादों पर आईएसआई मार्क देखकर ही खरीददारी करने की अपील की।कार्यक्रम में भेरूलाल गुर्जर, विशन नाथ भाटी, विक्रम सिंह एवं महेंद्र प्रजापत ने भी उपस्थित स्वयंसेवकों को एकल अभियान फाउंडेशन से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की ।

## दस दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर में उमड़ा रोगियों का जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** आयुष मिशन भारत सरकार एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र बैलारा कलां कुम्हेर में आयोजित आवासीय निशुल्क क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर के तीसरे दिन रोगियों को नि:शुल्क परामर्श के बाद औषधि उपलब्ध कराई गई। साथ ही दो दिन में पाइल्स फिस्टूला फिशर के 70 से अधिक रोगियों का क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा द्वारा ओप्रेशन किए जा चुके हैं। शिविर प्रभारी डॉ हरदेव तराना ने बताया कि शिविर में सभी प्रकार के रोगियों का आना बना हुआ है। तीन दिन में ग्यारह सौ से अधिक रोगियों का उपचार एवं क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा हेतु किए गए 103 पंजीयन रोगियों में से 70 रोगियों का आप्रेशन किया जा चुका है। शल्य चिकित्सक डॉ मोहन स्वरूप शर्मा डॉ ललिता मीना डॉ नरेश गोपाल डॉ बालमुकुंद शर्मा डॉ जसराम गौड़ ने बताया कि अधिकांश रोगी पाइल्स फिस्टूला फिशर के आ रहे हैं जिन्हें क्षार सूत्र शल्य क्रिया द्वारा भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। उपनिदेशक डॉ साधुराम शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा लेबोरेट्री जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जिससे आवश्यकता अनुसार रोगियों की जांच कर शल्य क्रिया की जा रही है। संभागीय समन्वयक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि शिविर में भर्ती किए जा कर उपचार लेने वाले रोगियों का रहना और खान-पान की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में ओ पी डी चिकित्सा सेवाएं डॉ निर्मल शर्मा डॉ राजवीर सिंह डा ललित अग्रवाल डॉ दीप्ति जौहरी डॉ सपना पाराशर मेलनर्स रामरतन, लालाराम, बृजकिशोर, सरस्वती, ममता परिचारक रामसिंह,हेमलता द्वारा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

# संरक्षित वन क्षेत्रों में खनन माफिया पर हो 'सर्जिकल स्ट्राइक', अधिकारियों की जवाबदेही होगी तय-जवाहर सिंह बेढम

## कामां, पहाड़ी, नगर और सीकरी में चलेगा सघन अभियान, 'थर्ड पार्टी ऑडिट' में खनन मिला तो पटवारी से लेकर उपखंड अधिकारी तक पर गिरेगी गाज

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** बृज भूमि की पवित्रता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर राज्य सरकार ने अब 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना ली है। गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की अध्यक्षता में बृज क्षेत्र के साधु-संतों और जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के बीच एक निर्णायक बैठक हुई ,जिसमें गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप डीग जिले को 'धार्मिक पर्यटन तीर्थ'के रूप में विकसित किया जाएगा, यहाँ अवैध गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है।

अधिकारियों की सीधी जवाबदेही-थर्ड पार्टी चेक में कमी मिली तो खैर नहीं

बैठक में गृह राज्य मंत्री बेढम ने जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश मीणा की उपस्थिति में अवैध खनन को लेकर अब तक के सबसे कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कामां, पहाड़ी, नगर और सीकरी क्षेत्र में तहसीलदार, एसएचओ, वन विभाग और माइनिंग इंचार्ज की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निरीक्षण करेगी।

मंत्री बेढम ने कहा कि प्रशासन की कार्रवाई के बाद थर्ड पार्टी चेक (औचक निरीक्षण) कराया जाएगा। यदि इस दौरान किसी क्षेत्र में अवैध खनन चालू पाया गया, तो संबंधित बीट कांस्टेबल, पटवारी, गिरदावर, तहसीलदार और यहाँ तक कि उपखंड अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### लिवासना और संरक्षित क्षेत्रः संतों की शिकायत पर त्वरित एक्शन

साधु-संतों द्वारा लिवासना क्षेत्र में डेढ़ किलोमीटर के दायरे में अवैध खनन की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने माइनिंग विभाग को तत्काल जांच के आदेश दिए। साथ ही, उपखंड अधिकारी को इस रिपोर्ट को %क्रॉस चेक% करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लिवासना सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस विभाग की चौकियां स्थापित की जाएंगी।उन्होंने वन विभाग के प्रस्तावित कार्यों में पशुओं के लिए विशेष %रेस्क्यू केंद्र% स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

### पुलिस को निर्देश : 2 दिन कराएं मुनादी, फिर करें कार्रवाई

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने पुलिस विभाग को एक व्यावहारिक सुझाव देते हुए निर्देशित किया कि अगले दो दिन तक संबंधित एसएचओ क्षेत्र में मुनादी करवाएं कि अवैध खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बाद भी यदि कोई लिप्त पाया जाता है, तो उसके वाहन जब्त कर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने डीएम और एसपी को साधु-संतों को साथ लेकर %ग्राउंड रिपोर्ट% देखने को कहा।

इस महत्वपूर्ण बैठक में संत रामदास, शिवराम दास, ब्रज दास, भूरा बाबा, हरीबोल दास, नीलमणि, राधा रमन दास, पूरन, गंगाराम, दयानिधि, राधाजीवन दास और मिहिर कुमार और डीएफओ चेतन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अखलेश शर्मा, खनन एवं राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया महाराजा सूरजमल का 262वां बलिदान दिवस

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** महाराजा सूरजमल का 262वां बलिदान दिवस बडे धूमधाम और जोश में डीग जिले के कुम्हेर कस्बे में मनाया गया। जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर महाराजा सूरजमल के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा कुम्हेर कांग्रेस ब्लाक के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी माल्यार्पण कर एक विशाल जुलूस के साथ धनवाडा पैंघोर चौराहे पर पहुँचे जहां पर महाराजा सूरजमल की घोडे पर सवार प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया और वहां उपस्थित समस्त सरदारी तथा महिलाओं और युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाराजा सूरजमल का जन्म 13 फरवरी 1707 को हुआ और उन्होंने 80 युद्ध लडे तथा उनका राज्य 200 इक्कायर माईल में था उनकी सेना में करीवन 15000 घुडसवार, 25000 पैदल सैनिक 300 तोपें अल्प समय में जुट गई थीं। बसंत पंचमी के दिन सन 1733 में उन्होंने लोहागढ दुर्ग की नींव रखी उनकी रियासत की अनुमानित आमदनी 1.75 करोड थी और खर्चा करीवन 60 लाख रूप्ये था वह अजेय योद्धा थे तथा उन्होंने अहमदशाह अफ्दाली बादशाह को भी मूँहतोड जबाव दिया था उनका बलिदान दिल्ली के पास हिंडन नदी के किनारे साहदरा में 25 दिसम्बर 1763 में हुआ। उस समय उन्होंने भरतपुर के खजाने में 10000 करोड रूप्ये छोडे थे।

इस मौके पर यदुवीर सिनसिनी, प्रेम सिंहक प्रजापत, दलवीर सिंह कासोट, कमल सिंह गडासिया, रवि सोनी, राहुल सोनी, केदार सेनी, महेन्द्र जाटव, टीकम पूनियां, लक्ष्मन सैनी, करमवीर सिंह, ब्रजेश, फ्तेह सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुजान सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह, बोबी वकील, खेम सिंह, समन्दर सिंह, किशन मास्टर, सुक्का कोली,बुलबुल पहलवान आदि मौजूद थे।

## जिले में सुशासन दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने कार्यालयों एवं थानों पर ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के मौके पर सुशासन दिवस के अवसर पर जिले में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने सुशासन की शपथ ली। आज सुबह कार्यालय पुलिस अधीक्षक धौलपुर के प्रांगण में उप पुलिस अधीक्षक रामधन द्वारा कार्यालयीन स्टाफ को सुशासन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन के उच्चतम मापदंडों के अनुरूप अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही जिले के सभी थानों में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने सुशासन की शपथ ली। पुलिस अधीक्षक श्री विकास सांगवान ने बताया है कि सुशासन का मूल उद्देश्य जनता को समयबद्ध, निष्पक्ष और संवेदनशील सेवाएं उपलब्ध कराना है। आज सभी कर्मचारियों से कार्यसंस्कृति में अनुशासन, जवाबदेही और सेवा भाव को प्राथमिकता देने का आह्वान किया गया। जिले में सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने सुशासन के सिद्धांतों को अपने कार्य में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## आठ महीने पूर्व सर्राफा व्यापारी से लूट के मामले में फरार महिला गिरफ़्तार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अप्रैल महीने में बाड़ी शहर के सर्राफा व्यापारी से रेलवे फाटक के पास सरेआम लूट की घटना हुई थी। घटना में आरोपियों ने व्यापारी के पैर में गोली मार कर दुकान के करीब आधा किलो सोना,डेढ़ किलो चांदी के आभूषण और 5 लाख की नगदी लूट ले गए थे। घटना के बाद पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी करते हुए घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सर्राफा व्यापारी से हुई इस लूट की घटना का मास्टरमाइंड हंसा उर्फ हंसराम गुर्जर था।

# धौलपुर में गडरपुरा चौराहे पर लोगों का प्रदर्शन

## सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर किया सड़क जाम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर शहर के गडरपुरा चौराहे पर गुरुवार को सफाई व्यवस्था को लेकर कॉलोनीवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने सड़क पर बैठकर करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया और नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा।

### बीमारियां फैलने का खतरा

कॉलोनीवासियों का आरोप है कि पिछले 2 साल से इलाके में नियमित सफाई नहीं हुई है। इसके कारण सीवर का गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है। इससे न केवल आवागमन में परेशानी होती है, बल्कि बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। लोगों ने बताया कि स्कूल जाने वाले बच्चे अक्सर इस गंदे पानी में गिरकर चोटिल हो जाते हैं। इसके अलावा, दोपहिया वाहन चालक भी फिसलकर घायल हो चुके हैं, जिससे उनकी सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कई बार शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई प्रदर्शनकारियों के अनुसार, इस समस्या को लेकर प्रशासन और नगर परिषद में कई बार शिकायतें की गई हैं। हालांकि, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कॉलोनीवासियों में भारी आक्रोश है। कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और सीवर की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## तुलसी दिवस पर की तुलसी की पूजा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर पर तुलसी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विष्णु सैनी, विश्व विख्यात बांसुरी वादक मनुराज सिंह द्वारा तुलसी की पूजा कर तुलसी दिवस मनाया गया। विष्णु सैनी ने कहा कि हमारी भारतीय परंपरा में तुलसी का बहुत अधिक महत्व है तुलसी हमारे हर पूजा के कार्यक्रम में हर आध्यात्मिक कार्यक्रमों में हर अच्छे संस्कारों में तुलसी का पूजा से शुरुआत की जाती है आज पूरे भारत में तुलसी दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर मनु राज ने सभी बच्चों को तुलसी पूजा के बारे में विवेचना करते हुए कहा कि हमें भारत की सांस्कृतिक धरोहर को बचाकर रखना होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंदिर की संरक्षक प्रेम भाटिया कविता गोयल सचिव शकुन सोनी, सांस्कृतिक मंत्री संगीता शर्मा, कोषाध्यक्ष मीरा गोयल सदस्य सुनीता सिंघल, नीलम गोयल, गायत्री शक्तिपीठ भरतपुर के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता चामड, खिलता बचपन के पुष्कर चतुर्वेदी शिल्पी चौधरी इत्यादि सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया.

# जिलेभर में मनाया सुशासन दिवस : मुख्यमंत्री के समारोह का वर्चुअली हुआ प्रसारण, सुशासन की ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर जिलेभर के सभी कार्यालयों में पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअली प्रसारण किया गया, जहां मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशभर के सभी जिलों में जुडे अधिकारी व कर्मचारियों को शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन की अवधारणा को साकार करने के लिये सभी अधिकारी, कर्मचारी आमजन को समस्याओं का त्वरित निराकरण कर लाभान्वित करें। जयपुर स्थित सचिवालय में आयोजित समारोह में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवासन, अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने भी सुशासन के संबंध में विचार व्यक्त किये। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन की शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की आदमकद प्रतिमा पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन दिवस की शपथ ली गई। जिला कलक्टर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा सुशासन एवं आमजन के हित में लिए गए निर्णय आज भी प्रेरणादायक हैं। ग्रामीणों क्षेत्रों में सड़कों को नेटवर्क, देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाने, विद्युत नियामक आयोग गठित करने की दिशा में उनका योगदान अस्मरणीय है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के जन्मदिवस पर प्रतिवर्ष सुशासन सप्ताह मनाया जाकर आमजन को पारदर्शी, सुलभ एवं त्वरित सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाए जाने का संकल्प लिया जाता है। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, डीएफ्ओ चेतन कुमार बीवी, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, सहायक निदेशक लोक सेवाऐं भारती भारद्वाज, उपखण्ड अधिकारी भारती गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी राजीव शर्मा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट स्थित सभी कार्यालयों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## धौलपुर में 539 किलो गांज किया नष्टः

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर पुलिस ने 16 एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जब्त 5 क्विंटल 39 किलो 120 ग्राम अवैध गांजा नष्ट किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा की उपस्थिति में धौलपुर पुलिस लाइन परिसर में की गई।

न्यायालय के आदेशानुसार गठित एक कमेटी की निगरानी में इस अवैध मादक पदार्थ को नष्ट किया गया। जब्त गांजे का इलेक्ट्रिक कांटे से वजन करवाया गया, जिसके बाद इसे तेल और लकड़ियों की सहायता से जलाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। नष्ट किए गए गांजे से संबंधित कुल 16 प्रकरण जिले के विभिन्न पुलिस थानों से थे। इनमें पुलिस थाना कोतवाली धौलपुर के 3, निहालगंज के 1, सदर धौलपुर के 1, सैंपऊ के 1, मनियां के 3, दिहोली के 2, कौलारी के 1, बाड़ी कोतवाली के 2, कंचनपुर के 1 और आंगई के 1 प्रकरण शामिल थे।

## दीनदयाल उपाध्याय मंडल ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल ने संजय नगर स्थित आराधना पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101 में जयंती मनाई। तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री नरेंद्र सिंघल मुख्य वक्ता जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र पचौरी, विशिष्ट अतिथि जिला सह संयोजक आईटी विभाग सुनील सहनावली रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना ने की गोष्ठी प्रारंभ करने से पूर्व अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। गोष्ठी के मुख्य वक्ता जिला मंत्री नरेंद्र सिंघल ने कहा कि हमें पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई के जीवन आदर्श का पूर्ण रूपेण पालन करना चाहिए। वाजपेयी की तरह प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं में देश भक्ति का भाव कूट-कूट कर भरा होना चाहिए। मुख्य वक्ता जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र पचौरी ने वाजपेयी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहां किए ये जन्म से ही प्रतिभाशाली व्यक्तित्व रहे हैं उनकी कार्य शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वाजपेयी के कार्यकाल में देश को नये आयाम मिले। 1998 पोकरण में परमाणु परीक्षण करके देश को शक्तिशाली राष्ट्रों में लाकर खड़ा कर दिया वाजपेयी ओजस्वी कवि थे। उनकी एक कविता हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा पढ़ कर सुनाई इस अवसर पर चंद्रशेखर शर्मा, सुधीर चौधरी, दीपक मुद्गल पार्षद, राकेश सोगरवाल, अन्नू फौजदार, जयप्रकाश, राकेश वर्मा लेखराज गोपाल कश्यप विसम्बर आराधना सिंह, अजय, वीरू संजय नगर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रजापति समाज का आयोजित हुआ 11 वां जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

## राज्य माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में गुरुवार को प्रजापति समाज का 11वां जिला स्तरीय मेधावी छात्र-छात्रा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बसेड़ी रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में समाज के शैक्षिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद राय टांक रहे। जिन्होंने अपने उद्बोधन में समाज के ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने सभी परिजनों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। समाज की जो भी प्रतिभाएं निखर कर सामने आएगी। उनको आगे बढ़ाने से समाज के लोग और राज्य की सरकार पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान सभी प्रतिभाओं का मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों द्वारा मंच से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के हिंडौन से आए वरिष्ठ समाजसेवी चरण सिंह प्रजापत ने की। प्रजापति समाज के जिला पदाधिकारी डॉ सतीश प्रजापत ने बताया कि समाज की शैक्षिक प्रकोष्ठ द्वारा हर वर्ष समाज की प्रतिभाओं,छात्र-छात्राओं, सरकारी सेवा में चयनित प्रतिभाओं का जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। इस वर्ष 91 प्रतिभाओं का सम्मान के लिए चयन किया गया। जिनको प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देखकर मंच से सम्मानित किया गया। इस दौरान मंचासीन अतिथियों में बाड़ी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पवन चंसोरिया,बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश गर्ग मामा,,रजनीश गोला, रूपवास के तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापत,रन सिंह, दानसिंह प्रजापत मौजूद रहे। जिनका समाज के पदाधिकारियों ने साफा बांधकर माल्यार्पण कर सम्मान किया। कार्यक्रम में बाड़ी प्रजापत समाज अध्यक्ष संतोष कुमार प्रजापति, रामनिवास प्रजापति, राकेश प्रजापत, मनोज कुमार प्रजापति, कुँवरपाल प्रजापति, कमलेश प्रजापति, अनिल चौधरी एवं जिले के प्रजापति समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया तथा स्वयंसेवको ने किया राजगढ़ थाने का भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में जारी राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन सभी इकाइयों के स्वयंसेवकों ने अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में सुशासन दिवस मनाने के पश्चात राजगढ़ पुलिस थाने का भ्रमण किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा मीणा ने बताया कि स्वयंसेवकों को पुलिस की कार्य प्रणाली से अवगत कराने के लिए उनको थाने का भ्रमण करवाया गया। सभी स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर देशभक्ति का संदेश देते हुए थाने की ओर कूच किया। थाने में थानाधिकारी राजेश कुमार ने पुलिस की कार्यप्रणाली, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा एवं आपातकालीन नंबर 112 संबंधी जानकारी प्रदान की। स्वयंसेवकों ने थाने में स्थित शस्त्रागार, भोजनालय, महिला डेस्क एवं थानाधिकारी के कार्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान डॉ योगेंद्र सिंह सेहरा, डॉ संजय बमनावत, डॉ कपिल देव कुंडारा एवं सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## देवी जी मंदिर से माता के आभूषण चोरी को अंजाम देने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार 1 बाल अपचारी को निरुद्ध किया

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कि वांछित अपराधियो की धरपकड अभियान के तहत डॉ. प्रियंका आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर व मनीषा मीना, आरपीएस, वृत्ताधिकारी, वृत राजगढ, जिला अलवर के निकटतम सुपरविजन में राजेश कुमार थानाधिकारी पुलिस थाना राजगढ के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में कार्यवाही करते हुए देवी जी मंदिर से माता के आभूषण चोरी करने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया तथा 1 बाल अपचारी निरुद्ध किया गया एवं चोरी हुए चांदी का मुकुट, चांदी का सुरज, 3 छत्तर व झल्लर को किया बरामद तथा आरोपीयो द्वारा घटना में प्रयुक्त बिना नम्बरी मोटरसाईकिल को जप्त किया गया। आरोपीयो द्वारा चोरी किया गया चांदी का मुकुट, चांदी का सुरज, 3 छत्तर व झल्लर को बरामद किया गया व आरोपीयो द्वारा घटना में प्रयुक्त चोरी की बिना नम्बरी मोटरसाईकिल को जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी राजकुमार उर्फ रवि(24) पुत्र अमरसिह मीणा निवासी साथां पुलिस थाना महुवा जिला दौसा हाल किरायेदार पटेल नगर बान्दीकुई थाना बान्दीकुई जिला दौसा व अमित कुमार सैनी(22) पुत्र बनवारीलाल सैनी निवासी धोली गुमटी गयारसी वालो का बास नारायणपुर पुलिस थाना बसवा जिला दौसा से गिरफ्तार किया।

## गंगाबाग छतरी पर पौषबड़ा महोत्सव शनिवार को

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** दादू पंथ पीठाधीश्वर अष्टम आचार्य निर्भय राम जी महाराज की छतरी गंगा बाग राजगढ़ में 27 दिसंबर शनिवार को शाम 6 बजे बाबा की महाआरती से बाबा की इच्छा तक पौष बड़ा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बाबा के सेवक राजेश जोशी ने बताया कि यह कार्यक्रम विगत 21 वर्षों से लगातार पौष माह में किया जाता है जिसमें दादू पंथी संप्रदाय के अलावा निर्भय राम बाबा के भक्तगण हजारों की संख्या में भाग लेकर बाबा का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व बैंड बाजा के साथ निकली कलशयात्रा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के गोविंद देव जी मंदिर में गुरुवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से पूर्व कस्बे के मुख्य मार्गों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ कस्बे के स्टेशन रोड स्थित अवधूत दत्ता आश्रम के महंत स्वामी अमन भारती की उपस्थिति में बैंड-बाजे के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से निकाली गई। कलशयात्रा तहसील, सराय बाजार, गोल सर्किल, चौपड़ बाजार होते हुए गोविन्द देव जी मंदिर पहुंची। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वामी अमन भारती का साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। बटवाड़ा परिवार की ओर से आयोजित इस श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा के दौरान महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सुंदर भजनों पर नृत्य किया। कलशयात्रा का जगह-जगह धर्म प्रेमियों द्वारा पुष्प वर्षा कर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनेक समाजसेवी, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## नगर परिषद सचिव ने श्री अन्नपूर्णा रसोई का किया औचक निरीक्षण, सफाई और गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली(बिल्लूराम सैनी)।** राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत आमजन को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नगर परिषद सचिव अभिषेक सैनी के नेतृत्व में विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सचिव सैनी ने रसोई के भीतर जाकर भोजन बनाने की प्रक्रिया को बारीकी से देखा। उन्होंने मौके पर मौजूद रसोइयों से बातचीत की और गैस सिलेंडर के रखरखाव, बर्तनों की स्वच्छता तथा भोजन में प्रयुक्त होने वाले मसालों की शुद्धता की सघन जांच की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भोजन पूरी तरह से हाइजीनिक और स्वच्छ परिस्थितियों में ही पकाया जाना चाहिए, ताकि लाभार्थियों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न हो।निरीक्षण के दौरान नगर परिषद के राजस्व अधिकारी कृष्ण कुमार यादव, कृष्ण गुर्जर कनिष्ठअभियंता,संदीप यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# केन्द्रीय विद्यालय को राजगढ़ खोलने की मांग को लेकर राजगढ़ कस्बा दूसरे दिन भी रहा बंद

## व्यापारियों सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने बंद का किया समर्थन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजगढ़ क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय की मांग को लेकर गुरुवार को दूसरे दिन भी राजगढ़ कस्बा पुरी तरह बंद रहा। दूसरे दिन लोग पंडित भवानी सहाय शर्मा सर्किल से इक्_ा होकर नारेबाजी करते हुए चौपड़ बाजार, गोल सर्किल, मेला का चौराहा, रेलवे स्टेशन, टहला बाईपास तक पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन, सामाजिक संगठन के लोग व व्यापारी उपस्थित रहे। वहीं आंदोलन के चलते राजगढ़ कस्बे का संपूर्ण बाजार पूर्णतया बंद है। सब्जी मंडी सहित सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहने से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

केवल आपातकालीन मेडिकल सेवाओं को सीमित समय के लिए खोलने का आश्वासन दिया गया है। आवाज मंच के संयोजक मुकेश जैमन ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय के लिए रैणी के दलालपुरा में भूमि आवंटन किया गया है, जबकि विद्यालय राजगढ़ उपखंड के लिए स्वीकृत है। इसके विरोध में राजगढ़ कस्बा ऐतिहासिक रूप से दो दिन से बंद रखा गया है। उन्होंने कहा कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ में ही नहीं खोला जाता। जैमन ने बताया कि आंदोलन के दबाव में सरकार हरकत में आई है और सरकार के प्रतिनिधियों के फोन आने लगे हैं। फोन पर यह भरोसा दिलाया गया है कि दलालपुरा का भूमि आवंटन निरस्त कर राजगढ़ कृषि उपज मंडी की भूमि पर विद्यालय खोलने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि राजगढ़ की जनता पहले ही कई बार ठगी जा चुकी है, इसलिए किसी भी मौखिक आश्वासन पर विश्वास नहीं किया जाएगा। राजगढ़ आवाज मंच के मुकेश जैमन ने बताया कि जब तक केन्द्रीय विद्यालय दलालपुरा का आवंटन निरस्त नहीं होता और कृषि उपज मंडी में विद्यालय खोलने का लिखित आदेश जारी नहीं होता, तब तक आंदोलन में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि आवश्यकता पडने पर टहला चौराहे पर चक्का जाम किया जाएगा। साथ ही जिला कलेक्टर के मौके पर नहीं पहुंचने को लेकर प्रशासन पर उदासीनता के आरोप लगाए गए हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरूषों ने बंद के समर्थन में रैली निकालकर स्थानीय नेताओं के प्रति नारेबाजी की गई।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, 370 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नारायणपुर उपखण्ड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल स्टेडियम में बुधवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत विभाग अलवर के निर्देशानुसार श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति के द्वारा नारायणपुर ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग कबड्डी व रस्साकशी प्रतियोगिता तथा लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ जिनमें लगभग 370 खिलाडियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजकुमार यादव, संगठन मंत्री महेश चंद सैनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष पिंकी मीना, अध्यक्षता समिति सचिव सुनील कुमार शर्मा, मंच संचालन एथलेटिक्स कोच सुरेश चौधरी ने किया। सभी विजेता व उपविजेता खिलाडियों को प्रमाण पत्र एवं

प्रतीक चिन्ह तथा ट्रॉफी, मेंड़ल भेंटकर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग रस्साकशी में मुण्डावरा टीम, कब्बड्डी में ज्ञानपुरा टीम विजेता रही। वहीं महिला वर्ग रस्साकशी में एसएचएम टीम व कबड्डी में गढ़ी टीम विजेता रही। लंबी कूद महिला वर्ग में रवीना प्रजापत, पुरुष वर्ग में मुकेश कुमार, 100 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में रवीना प्रजापत, पुरुष वर्ग में जर्मनसिंह, 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में सुनीता गुर्जर, पुरुष वर्ग में मोहित कुमार सैनी विजेता रहे। सभी विजेता खिलाडियों व टीम को अलवर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। सचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे बनोगे लाजवाब। खेल को खेल की भावनाओं के साथ खेले। खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है इसलिए स्वस्थ शरीर में स्वस्थ विचारों का संचार होता है। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक रोशन लाल चौधरी, घनश्याम फागणा, मनीषा भूराण, राजेश कुमार शर्मा, योगेश शुक्ला, राकेश सैनी, पूजा शर्मा, पलक शर्मा, कृपाशंकर पारीक, अमित पंचोली, भीमर्या शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अलवर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री निकुंज सांघी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वर्ष 2026.2 के हुए चुनाव में निकुंज सांघी को सर्व सममति से निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुना गया। चुनाव अधिकारी शिव दयाल शर्मा ने बताया कि निर्विरोध हुए चुनाव में राजेश गुप्ता को संरक्षक, बृज भूषण गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल विजय, संजय सहगल, राकेश ठाकुर, दीपक माथुर, आशीष चौधरी, अनिल सिंह, सुबोध गोयल, एसके पारीक,मनीष गोयल एवं संदीप गुप्ता को उपाध्यक्ष, अमित श्याम सुखा को मानद सचिव, मधुर अग्रवाल व मंजीत रॉय को सह सचिव तथा हरिओम मितल को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। नव गठित कार्यकारिणी का कार्यकाल 1 जनवरी 26 से 31 दिसंबर 27 तक रहेगा। इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने अपने पिछले दो वर्षों के कार्यकाल

के कार्यों की जानकारी दी। व्यापार जगत को नई दिशा की उम्मीदः- नव निर्वाचित अध्यक्ष निकुंज सांघी को व्यापार एवं उद्योग जगत में एक ऊर्जावान, दूरदर्शी और संगठित नेतृत्वकर्ता के रूप में जाना जाता है।उद्योगपतियों की समस्याओं को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचानाए उद्योगों के विस्तार के लिए सकारात्मक वातावरण बनाना और युवाओं को व्यापार से जोडना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। वे पहले भी कई संगठनों में राष्ट्रीय पदाधिकारी तक रहे हैं। सभी सदस्यों ने सांघी को अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी एवं उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर निकुंज सांघी ने कहा कि वे उद्योगों और व्यापार के लिए सकारात्मक वातावरण पैदा करने और उद्योगों की समस्याओं के समाधान की दिशा में मिलकर कार्य करेंगे।

## यातायात पुलिस की शानदार कार्रवाही, भटाभट पर चला बुलडोजर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला एसपी सुधीर चौधरी के निर्देश के बाद अलवर यातायात पुलिस ने गुरूवार को शानदार कार्यवाही करते हुए पटाखा बजाकर शहर में भय और हुडदंग करने वाले बाईकबाजों की बाईक से जप्त किए गए सैकड़ों मॉडिफाईड साईलेंसर्स को बुलड़ोजर से गले मिलवाया। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देश पर ट्रैफिक इंचार्ज संजय शर्मा और उनकी टीम ने शहर में धमाका कर पटाखा बजाने वाली एनफील्ड बाइक पर लगातार कार्रवाही कर मोडिफाइड साइलेंसर खुलवाए गए थे। एडिशनल एसपी शरण गोपीनाथ कांबले आईपीएस ने कार्रवाही करने के बाद मीडिया से रूबरू होकर बताया कि ऐसे युवाओं पर लगातार कार्रवाही की जाएगी जो

इस तरीके से मोडिफाइड साइलेंसर लगावाकर पटाखा बजाकर हंगामा करते हैं। थानें में रखे 500 से अधिक मोडिफाइड साइलेंसर्स को आज बुलडोजर चढ़वाकर पूरी तरह नष्ट किया गया है ताकि ये किसी के काम न आ सकें।

## सशक्त कनेक्टिविटी ही विकसित बृज नगर के विकास की आधार शिला-जवाहर सिंह बेढम

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे अवसंरचना सुदृढ़ीकरण के महा-अभियान को नगर विधानसभा क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्रदान करते हुए गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने गुरुवार को क्षेत्र को विकास की बड़ी सौगात दी। बेढम ने 1 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से नव-निर्मित दो प्रमुख सडक़ परियोजनाओं का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया। इन सडक़ों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी नई रफ्तार मिलेगी। गृह राज्य मंत्री बेढम ने सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्र की जीवन रेखा मानी जाने वाली नदबई रोड से सारंगपुर तक की सडक़ का

लोकार्पण किया।लोकार्पण समारोह में जनसमूह को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि सडक़ें केवल गिट्टी और डामर का मिश्रण नहीं होतीं, बल्कि ये गांवों की खुशहाली का रास्ता होती हैं।अब सारंगपुर और आसपास के किसानों को अब अपनी उपज मंडी तक ले जाने में आसानी होगी और समय की बचत होगी।"

इसके बाद मंत्री बेढम ने नगर पालिका क्षेत्र बृजनगर में शहरी विकास को गति देते हुए विभिन्न सीसी सडक़ों का लोकार्पण किया। 2.12 किलोमीटर लंबी उच्च गुणवत्ता वाली सीसी सडक़ो की। 1 करोड़ रूपये है।इन सडक़ों के बनने से बृजनगर के निवासियों को लंबे समय से व्याप्त जलभराव, कीचड़ और टूटी सडक़ों की समस्या से स्थायी मुक्ति मिल गई है। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश का कोई भी ढाणी या मजरा पक्की सडक़ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बृजनगर विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश का 'आदर्श इंफ्रास्ट्रक्चर हब' बनाना मेरा संकल्प है। आज हुआ यह 1.90 करोड़ का लोकार्पण उसी दिशा में बढ़ा एक ठोस कदम है।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अभियंताओं को मंच से ही कड़े निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से रत्ती भर भी समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। जनता का पैसा, जनता के हित में पूरी ईमानदारी से लगना चाहिए। लोकार्पण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने मंत्री बेढम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सडक़ों की मांग वर्षों से लंबित थी। नई सडक़ों के बनने से न केवल वाहन चालकों को राहत मिलेगी, बल्कि धूल से होने वाले प्रदूषण से भी निजात मिलेगी।

**प्रकृति की शक्ति का प्रर्दशन रहा सबसे विशेष आकृषण**

# आदिनाथ पब्लिक स्कूल का भव्य वार्षिकोत्सव-पंचतत्व समागम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आदिनाथ पब्लिक स्कूल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला वार्षिकोत्सव इस वर्ष पंचतत्व समागम की अनूठी और सांस्कृतिक थीम पर अत्यंत भव्य रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमोकार मंत्रव माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथी कास्वागत संस्थान अध्यक्षश्री अशोक कुमार (अगोनीज )मय कार्यकारिणी एवं संस्थान के समस्त प्राचार्या एवं उपप्राचार्या द्वारा किया गया। जल, अग्नि, वायु और आकाश की महानअवधारणा पर आधारित इस वार्षिकोत्सव कोएक प्रेरणा केरूप में आयोजित किया गया। पंचतत्वों के महत्व को विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया गया।इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, संस्कारों तथा प्रकृति के प्रति

जागरूकता को उजागर करने का प्रयास किया गया।छात्रों द्वारा पेड़ों और पशुओं की सुरक्षा का संदेश उनकी प्रस्तुति के माध्यम से दिया गया जो कि अत्यंत सराहा गया।गंगा के उद्गम की प्रस्तुति ने तो सभी का मन मोह लिया।कान्तारा नृत्य तथा रियल फायर एक्ट पर दर्शकों की तालियों कीगडगड़ाहट से पूरा पांडालगूंज उठा।जैन सी.सै.स्कूल मन्नी का बड के विद्यार्थियों ने पृथ्वी तत्वपर आधारित अपनी प्रस्तुति दी। जिसे अभिभावकों द्वारा सराहा गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शरण गोपीनाथ कांबले आई.पी.एस (एडिशनल एस.पी) हेडक्वॉर्टर, संस्थान अध्यक्ष अशोक कुमार जैन अगोनीज, उपाध्यक्ष नीरज जैन, सचिव नरेंद्र जैन, सह सचिव मगन चंद जैन, कोषाध्यक्ष कुलदीप जैन बडज़ात्या उपस्थित रहे।श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थानके अध्यक्ष महोदय अशोक कुमार अगोनीज़ ने अपने संबोधन में बताया कि पंचतत्व मानव जीवन का आधार है और इनके संतुलन से ही स्वस्थ समृद्ध एवं संस्कारित समाज का निर्माण संभव है। विशिष्ट अतिथि शरण गोपीनाथ कांबले आईपीएस एडिशनल एस पी हेडक्वॉर्टर अलवर ने पंचतत्व समागम थीम की प्रशंसा करते हुए छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य एड्रियन फ्रैंक ने अतिथियों कास्वागत किया साथ ही यह भी बताया किवर्तमान परिप्रेक्ष्य को देखते हुए हमने इस थीम को चुना है। उपप्रधानाचार्या श्रीमती अल्पना जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विद्यार्थियों शिक्षकों एवं नारायण सेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मक एवं सामाजिक चेतना का विकास करते हैं। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथि मुकेश जैन अध्यक्ष श्री दिगंबर जैन अग्रवाल पंचायती मंदिर, प्रवीन जी जैन गोधा अध्यक्ष श्री दिगंबर जैन खण्डेलवाल समाज, राजेन्द्र जैन अध्यक्ष श्री दिगंबर जैन बडतला पंचायती मंदिर,सीनियर जर्नलिस्ट रूपक शर्मा, डॉ. अनीता सोनी प्राचार्या श्री जैन टीटी कालेज,डॉअंशुल शर्मा प्राचार्या श्री जैन पी. जी.कालेज, श्रीमती सपना व्यास प्रधानाचार्या जैन सी.सै.स्कूल मन्नी का बड, अभिभावकगण एवं शिक्षा जगत से जुड़े विशिष्ट व्यक्तित्व की उपस्थिति रही।

# लखनऊ में पीएम मोदी ने किया राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन, देश की महान विभूतियों को किया नमन

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित बसंत कुंज योजना में निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने परिसर में स्थापित महापुरुषों की भव्य प्रतिमाओं का अवलोकन किया और उन्हें नमन किया। उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों का किया अभिवादन

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। प्रधानमंत्री ने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और भाजपा व जनसंघ गलियारे का अवलोकन किया। इस गलियारे में भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की वैचारिक और राजनीतिक यात्रा को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल भारतीय राष्ट्रवाद की त्रयी- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और अमूल्य योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का एक अनुपम प्रयास

इसके पश्चात प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी गैलरी का भ्रमण किया, जहां उनके जीवन, विचार और संघर्ष से जुड़े चित्रों एवं प्रतीक चिह्नों को प्रदर्शित किया गया है। लखनऊ में निर्मित भव्य राष्ट्र प्रेरणा स्थल भारतीय राष्ट्रवाद की त्रयी- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी- के विचारों और अमूल्य योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का एक अनुपम प्रयास है।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल को कमल की आकृति में किया गया है विकसित

गौरतलब है कि वसंत कुंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल को कमल की आकृति में विकसित किया गया है। परिसर में राष्ट्रवाद के शिखर पुरुषों डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन प्रतिमाओं का निर्माण विश्वविख्यात मूर्तिकार राम सुतार और मंटू राम आर्ट क्रिएशंस द्वारा किया गया है। प्रतिमाओं को फेसेड लाइटिंग और प्रोजेक्शन मैपिंग से आकर्षक रूप दिया गया है। संग्रहालय की इंटरप्रिटेशन वॉल पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी म्यूरल आर्ट के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की यात्रा को दर्शाया गया है

परिसर में राष्ट्र नायकों को समर्पित एक संग्रहालय का भी निर्माण किया गया है। संग्रहालय की इंटरप्रिटेशन वॉल पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी म्यूरल आर्ट के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की यात्रा को दर्शाया गया है। संग्रहालय के कोर्टयार्ड में राष्ट्रीय भावना की प्रतीक भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। राष्ट्र नायकों को समर्पित गैलरियां उनके जीवन, विचारधारा और संघर्षों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती हैं।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल में है 3,000 की क्षमता वाला एम्फीथिएटर और लगभग 2 लाख लोगों की क्षमता वाला विशाल रैली स्थल

इसके अलावा राष्ट्र प्रेरणा स्थल परिसर में सिंथेटिक ट्रैक, मेडिटेशन सेंटर, विपश्यना केंद्र, योग केंद्र, हेलीपैड और कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। साथ ही यहां 3,000 की क्षमता वाला एम्फीथिएटर और लगभग 2 लाख लोगों की क्षमता वाला विशाल रैली स्थल भी बनाया गया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल न केवल ऐतिहासिक स्मृति का केंद्र बनेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रीयता और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार भी करेगा।

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल राष्ट्रनायकों के विचारों को जीवंत रखेगा : योगी

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे प्रदेश और देश के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि यह स्थल आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रनायकों के विचारों से प्रेरणा देगा।

### आज का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत में 'एक देश, एक विधान, एक निशान और एक प्रधान' का उद्घोष किया था, जबकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को वर्तमान सरकार धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है।

### अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार करने की दिशा में सरकार निरंतर कर रही है कार्य

सीएम योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार करने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लखनऊ आगमन अपने आप में ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री के करकमलों से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं का लोकार्पण हुआ है। इसके साथ ही एक भव्य संग्रहालय का भी उद्घाटन किया गया है। योगी ने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का जो स्वरूप आज देश देख रहा है, उसके पीछे इन तीनों महापुरुषों का मार्गदर्शन और प्रेरणा रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं और आत्मनिर्भर भारत का सपना तेजी से साकार हो रहा है।

## कर्नाटक सीएम पर सत्ता संघर्ष तेज: खरगे से मिले शिवकुमार, कांग्रेस आलाकमान के फैसले का इंतजार!

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को बेंगलुरु स्थित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर उनसे मुलाकात की, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह मुलाकात राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रहे सत्ता संघर्ष से जुड़ी हो सकती है। कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल के आधे समय तक पहुंचने के बाद, राज्य में मुख्यमंत्री परिवर्तन की अटकलों के बीच सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर सत्ता संघर्ष तेज हो गया है। हालांकि, बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्य कांग्रेस इकाई के प्रमुख के तौर पर केंद्र द्वारा एमजीएनआरईजीए योजना के स्थान पर पारित कानून पर केवल अपने विचार साझा किए, जो 27 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस कार्य समिति की बैठक से पहले हुआ था।

उन्होंने कहा कि उन्होंने खरगे के साथ किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा नहीं की है। उन्होंने कहा कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है, मैं ऐसा नहीं करूंगा, फिलहाल ऐसी कोई बात नहीं है। सिद्धारमैया और मैंने कहा है कि हम उच्च कमान के फैसले का पालन करते हुए काम करेंगे और हम इसके प्रति प्रतिबद्ध हैं।अपने इस बयान पर कि वे पार्टी कार्यकर्ता बने रहेंगे, पूछे गए एक सवाल के जवाब में शिवकुमार ने कहा कि उनका मतलब पार्टी के आजीवन सदस्य बने रहना और संगठन की सेवा करना था, चाहे उनका पद या स्थिति कुछ भी हो।

उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का आजीवन कार्यकर्ता हूं। मेरा पद चाहे जो भी हो, मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं। मैंने पार्टी कार्यकर्ता और अध्यक्ष दोनों के रूप में पार्टी का झंडा फहराया है। मैंने पार्टी के पोस्टर लगाए हैं, सफाई का काम किया है। मैंने कांग्रेस पार्टी के लिए सब कुछ किया है। मैं सिर्फ मंच पर बैठकर भाषण देने नहीं आया हूं। मैंने पार्टी के लिए हर काम किया है।

## तमिलनाडु में बस ने 2 कारें कुचलीं, 9 की मौत

### 4 घायल, कारें पूरी तरह चकनाचूर

बढ़ता राजस्थान

**चैन्नई।** तमिलनाडु के कडलूर जिले में बुधवार रात सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तिरुचिरापल्ली से चेन्नई जा रही रोडवेज बस का स्टेट हाईवे पर टायर फट गया था। बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ती हुई दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहीं 2 कारों को कुचल दिया। दोनों कारें बस के नीचे फंसकर पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही तित्ताकुडी और रामनाथम पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को तित्ताकुडी और पेरंबलूर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण चेन्नई-तिरुचि नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। करीब दो घंटे बाद क्रेन से वाहन हटाकर यातायात चालू किया गया।

## सेना के जवानों को सोशल मीडिया इस्तेमाल की इजाजत

### इंस्टाग्राम पर कमेंट की मनाही, वॉट्सएप पर मैसेज कर सकेंगे; 5 साल पहले बैन लगाया था

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के जवानों को पांच साल बाद सोशल मीडिया एप्स के इस्तेमाल की परमिशन मिल गई है। हालांकि कुछ शर्तें लागू रहेंगी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, नई गाइडलाइन के तहत जवान इंस्टाग्राम पर रील, फोटो और वीडियो देख सकेंगे, लेकिन लाइक, कमेंट करने की अनुमति नहीं है। वॉट्सएप, टेलीग्राम जैसे एप्स पर गैर-गोपनीय जानकारी शेयर कर सकेंगे। इसके अलावा यूट्यूब और ट्वीटर का इस्तेमाल केवल जानकारी के लिए किया जा सकेगा। वहीं, लिंक्डइन, स्काइप और सिग्नल एप के लिए भी नई गाइडलाइन जारी की गई है। सरकार ने 2020 में संवेदनशील सूचनाएं लीक होने की आशंका के चलते जवानों और अधिकारियों को 89 एप हटाने का आदेश दिया था।

## राजस्थान में स्क्रैप-स्टील कारोबारियों ने 125करोड़ की टैक्स चोरी की

### 100 ठिकानों पर स्टेट जीएसटी टीमों ने एक साथ छापेमारी की, 8 करोड़ रुपए की वसूली हुई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में आयरन-स्टील व स्क्रैप कारोबारियों के 100 ठिकानों पर स्टेट जीएसटी की टीमों ने छापेमारी की। सोमवार से शुरू की गई स्टेट जीएसटी की रेड कार्रवाई में 125 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी गई। टीमों की ओर से मौके पर करीब 8 करोड़ रुपए वसूले गए।

चीफ टैक्स कमिश्नर कुमार पाल गौतम ने बताया कि सोमवार से आयरन-स्टील और स्क्रैप कारोबारियों के ठिकानों पर पूरे राजस्थान में कार्रवाई की गई। कारोबारियों के 100 ठिकानों पर स्टेट जीएसटी टीमों ने एक साथ छापेमारी की। रेड की कार्रवाई में 125 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी सामने आई है। कार्रवाई में मौके पर ही करीब 8 करोड़ रुपए की रकम जमा करवाई गई। जांच के दौरान कई स्थानों से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, कच्ची पर्चियां एवं संदिग्ध डॉक्युमेंट जब्त किए गए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में स्क्रैप के अवैध परिवहन के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई जारी है। विभिन्न स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है, ताकि टैक्स चोरी और अवैध व्यापार पर रोक लगाई जा सके। इनकी पूरी जांच विभागीय अधिकारियों की ओर से की जा रही है।

## उपराष्ट्रपति-पद से इस्तीफे के बाद पहली बार जयपुर पहुंचे धनखड़, कहा

## वाजपेयी के साथ संसदीय डेलिगेशन में 15 दिन यूरोप रहा, वो यादें हमेशा रहेंगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद जगदीप धनखड़ पहली बार जयपुर दौरे पर आए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के साथ की यादें ताजा कीं।

धनखड़ ने कहा- मेरा सौभाग्य था कि वर्ष 1990 में मैंने वाजपेयी के साथ यूरोप में 15 दिन बिताए। मैं भारतीय संसदीय डेलिगेशन में था, उसमें वाजपेयी भी थे। वो यादें हमेशा रहेंगी।

धनखड़ जयपुर के निजी अस्पताल में गुरुवार को बीमार परिजन से मिलने आए थे। इसके बाद धनखड़ ने अपने भाई रणदीप धनखड़ के घर लंच किया। फिर विश्व हिंदू परिषद के नेता से भी मुलाकात की। बाद में धनखड़ सड़क रास्ते से दिल्ली रवाना हो गए। धनखड़ ने कहा- मेरा सौभाग्य था कि वर्ष 1990 में मैंने वाजपेयी के साथ यूरोप में 15 दिन बिताए। मैं भारतीय संसदीय डेलिगेशन में था। वो यादें हमेशा रहेंगी। धनखड़ ने कहा- मेरा सौभाग्य था कि वर्ष 1990 में मैंने वाजपेयी के साथ यूरोप में 15 दिन बिताए। मैं भारतीय संसदीय डेलिगेशन में था। वो यादें हमेशा रहेंगी।

## शुभांशु शुक्ला बोले-स्पेस में जाने के लिए अक्ल दाढ़ निकलवाईं: एस्ट्रोनॉट्स के लिए डेंटल हेल्थ जरूरी, अंतरिक्ष में सर्जरी नहीं कर सकते

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला ने कहा कि एस्ट्रोनॉट्स के लिए डेंटल हेल्थ बहुत जरूरी होती है। उन्होंने बताया कि एस्ट्रोनॉट्स को इमरजेंसी मेडिकल सिचुएशन संभालने की ट्रेनिंग दी जाती है लेकिन अंतरिक्ष में डेंटल सर्जरी संभव नहीं होती। इसलिए स्पेस मिशन से पहले उन्होंने दो अक्ल दाढ़ निकलवाईं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# मोदी सरकार के विजन से मध्य प्रदेश बन रहा विकसित भारत की मजबूत नींव : अमित शाह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को ग्वालियर में 'अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट' का आयोजन किया गया। समिट का विषय था- 'निवेश से रोजगार: अटल का संकल्प, उज्ज्वल मध्य प्रदेश।'

**अमित शाह ने मध्य प्रदेश में 1,655 औद्योगिक इकाइयों का किया शिलान्यास**-इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में 1,655 औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास किया। इन इकाइयों में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश प्रस्तावित है, जिससे करीब 2 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। गृह मंत्री ने इसे अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन और राष्ट्र निर्माण के सपने को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

**यह समिट अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि ग्वालियर में आयोजित**-यह समिट अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि ग्वालियर में आयोजित की गई, जो आत्मनिर्भरता, विकास और समावेशी प्रगति को लेकर उनकी दूरदृष्टि को दर्शाती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से मध्य प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब यह 'विकसित भारत' का एक मजबूत आधार बन रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश को निरंतर सहयोग देती रहेगी। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने समिट का उद्घाटन किया। इस दौरान निवेशकों को भूमि आवंटन पत्र सौंपे गए, कई परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ और 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाएं जनता को समर्पित की गईं।

### ऊर्जा क्षेत्र में 60,000 करोड़ रुपए की तीन बड़ी परियोजनाएं होंगी शुरू

ऊर्जा क्षेत्र में 60,000 करोड़ रुपए की तीन बड़ी परियोजनाएं शुरू होंगी, जिनसे 12,600 रोजगार सृजित होंगे। खनन क्षेत्र में 7,050 करोड़ रुपए की 13 परियोजनाओं से 9,505 लोगों को रोजगार मिलेगा। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 35,581 करोड़ रुपए के 496 प्रोजेक्ट्स से 5,535 रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### पर्यटन क्षेत्र में 386 करोड़ रुपए के दो प्रोजेक्ट्स से 2,700 मिलेंगे रोजगार

पर्यटन क्षेत्र में 386 करोड़ रुपए के दो प्रोजेक्ट्स से 2,700 रोजगार मिलेंगे, जबकि स्वास्थ्य क्षेत्र में 240 करोड़ रुपए के निवेश से 240 नौकरियां सृजित होंगी। इसके अतिरिक्त 40 करोड़ रुपए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर खर्च किए जाएंगे।

### प्रदेश के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव

अमित शाह ने कहा कि क्षेत्रीय निवेश समितियों के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने यह भी कहा कि मोहन यादव अपने प्रयासों से लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल की तेज विकास रफ्तार से भी आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुर: फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालय: बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालय: मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालय: छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com; *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार